उपाध्यक्ष महोदय, मैं सारे देश के सूखा पीड़ित क्षेत्रों की ओर केवल संकेत मात्र करना चाहूंगा। आप जानते हैं कि यह केवल एक जगह का मामला नहीं। आन्ध्र में,तेलंगाना में और रायलसीमा में बिहार में पलामू, पटना, गया, शाहाबाद, हजारीबाग, सारन के जिलों में, गुजरात के कच्छ और बनासपाटा के इलाकों में, हरियाणा के यहसार, गुड़गांव, महेन्द्रगढ़ के इलाके में, मैसूर के बंगलौर, टुंकूर, मैसूर, कोलार, मन्डिया और चित्रदुर्ग के इलाके में, उड़ीसा के सम्भलपुर, बोलनगिरी, कालाहांडी और सुन्दरगढ़ में तथा उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद, बनारस, मिर्जापुर, जोनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़ तथा बलिया के इलाकों में कमी की स्थिति पैदा हुई है सूखे के कारण और प्राकृतिक आपदाओं की बात मैं नहीं करता, लेकिन ये सब कमी के क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पर फसल बर्बाद हुई, जहां पर जो पैदावार होनी चाहिए थी उसमें कहीं 80 फीसदी या 50 फीसदी नुकसान हुआ लेकिन राजस्थान की जो कहानी है वह अनोखी कहानी है। 4 दिनों में हम और हमारे कुछ साथियों ने 800 मील की यात्रा की। 800 मील में हम जहां गए, वहां एक ही आवाज सुनने को मिली 'हमको पीने के लिए पानी चाहिए'। हमारे साथ वहां की प्रादेशिक सरकार के मंत्री महोदय थे। उन्होंने स्वीकार किया कि ऐसे स्थान हैं, जहां प्रतिदिन 35 मील से पीने के लिए पानी भेजा जाता है, चाहे वह पानी ट्रकों के द्वारा भजा जाता है, चाहे रेल के जरिए भेजा जाता है। इस साल उस पूरे इलाके में एक दिन भी पानी नहीं बरसा और कहा गया कि कुछ ऐसे इलाके भी हैं, जहां 5–6 बरस के लड़के यह नहीं जानते कि बरसात क्या होती है, पानी किस तरह से बरसता है। 5–6 बरसों से वहां पर निरन्तर सूखा पड़ रहा है और खास तौर से जैसलमेर, बाड़मेर और जोधपुर का इलाका तो बहत बुरी हालत में है।

[THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair]

महोदया, मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि जब हजारों वर्ग मील में पीने के लिए पानी न हो, जहां घास का एक पौधा दिखायी न पड़ता हो, रेगिस्तान के जो पौधे हों वे भी सूख गए हों, जिन इलाकों में—जनता के बताए हुए अनुमान से—करीब 2 लाख मवेशी विशेष तौर से गाएं पानी और घास के बिना मर गई हों, जहां पर—खुद हमसे लोगों ने कहा—पौष्टिक आहार न मिलने के कारण बच्चों ो एक्यूट डाइरिया होता है और उसके बाद वह ीमार पड़ कर दो-तीन दिन में मर जाता है, तो क्या ऐसी स्थिति सहन की जा सकती है ? यह विवाद उठाना व्यर्थ है कि भुखमरी से मरे या बीमारी से मरे; क्योंकि चाहे सरकारी अधिकारी हों, चाहे सामाजिक कार्यकर्ता हों, कोई इस बात को विवादास्पद नहीं मानता कि ौष्टिक आहार न मिलने के कारण, जैसा माननीय सुन्दर सिंह भंडारी ने कहा, लाखों लोगों को रतौंधी की बीमारी हुई । मैंने खुद एक मां को बच्चे को गोद में लिए हुए देखा जो शायद कुछ घंटो का मेहमान था । हमारे साथ माननीय डा० मंगलादेवी तलवार थीं, वे डाक्टर हैं, उन्होंने खुद देखा । मैं आपसे यह जानना चाहता हूं कि क्या किसी मां की ममता का, उसकी पीड़ा का अन्दाज केवल सरकारी आंकड़ों से लगाया जा सकता है ? उसको देखकर, सुनकर और समझ कर उसका अनुभव-मात्र किया जा सकता है । यह क्यों होता है ? इसलिए होता है ; क्योंकि हमारी सरकार, हमारा प्रशासन यह कहता है कि हमारे पास साधन नहीं हैं, वित्तीय साधन नहीं हैं, फाइनेंशियल रिसोर्सेज नहीं हैं । महोदया, आपको जानकर आश्चर्य होगा कि पीने के पानी के लिए जो योजना राजस्थान सरकार ने प्रस्तुत की है उस पर 5 करोड़ रुपए व्यय का अनुमान है, वे कहते हैं कि 5 करोड़ रुपया अगर उनको तुरन्त दे दिया जाय तो उस इलाके में किसी तरह पीने के पानी का इन्तजाम होगा और 5–7 मील की दूरी से पानी ला सकेंगे, लेकिन 5 करोड़ रुपया हमारे वित्त मंत्री जी केन्द्र से उनको नहीं दे सकते ; क्योंकि साधनों की कमी है लेकिन, महोदया, क्या आपको यह जानकारी है कि दिल्ली नगर में, जहां हम और आप रहते हैं जनता के प्रतिनिधि की हैसियत से, उसको सुन्दरतर बनाने के लिए 12 करोड़ रुपया हमारी सरकार के पास है ? जब इन बातों की और मैं संकेत करता हूं तो हमारे कुछ भाई, कुछ साथी यह समझते हैं कि ये भावुकता की बातें हैं या मैं किसी को गलत रूप में जनता के सामने रखना चाहता हूं, लेकिन महोदया, मैं आपसे जानना चाहूंगा कि किसी भी प्रजातांत्रिक देश में जहां एक-एक बालिग आदमी देश को बनाने के लिए और राष्ट्र के निर्माण के लिए जिम्मेदार हो क्या यह सहन किया जा सकता है कि एक नगरी को जहां चन्द नौकरशाह और चन्द अपने को जनता का प्रतिनिधि कहने वाले लोग रहते हैं, वहां फूल-बगीचे लगाने के लिए 12 करोड़ रुपए खर्च किए जायं और दूसरी तरफ लाखों मनुष्यों और लाखों पशुओं को पीने के लिए पानी देने के लिए 5 करोड़ रुपए न दिए जा सकें । मैं नहीं जानता, हमारे माननीय शिन्दे साहब के पास इसका क्य उत्तर है, मैं नहीं जानता माननीय मोरारजी देसाई के पास इसके लिए क्या उत्तर है । गोआ के सम्मेलन में हमने कहा की 20 बरसों में हम पीने का पानी नहीं दे सके, गांधीजी के शताब्दी साल में हम सबको पीने का पानी देंगे । अगर यह बात सही है, अगर हमारे भाई सही हैं, अगर हम गांधी जी का समादर इस देश में रखना चाहते हैं तो क्या कठिनाई है भारत सरकार के लिए यह कहने में कि राजस्थान सरकार जितने रुपए चाहेगी पीने के पानी का इन्तजाम करने के लिए व रुपए दिए जाएंगे, चाहे किसी कीमत पर वे रुपए देने पड़े । लेकिन महोदया, जब यह सवाल उठाया जाता है तो राजस्थान सरकार के पास यहां से अफसरों का दल जाता है दो-चार जगह बड़े-बड़े बंगलों में घूम-घूम कर, राजस्थान में, जयपुर में अफसरों से बात

[श्री चन्द्र शेखर]

करके आता है, एक रिपोर्ट दी जाती है योजना आयोग से लेकर वित्त मंत्रालय तक महीनों वे फाइलें दौड़ती रहती हैं और इस तरह हम लाखों पशुओं और सैकड़ों मनुष्यों के जीवन के साथ खिलवाड़ करते हैं। महोदया, मैं नहीं जानता संसदीय जनतंत्र में कौन सा ऐसा रास्ता है, कौन सा ऐसा पथ है जिससे हम आपके जरिए इस सरकार को सुना सकें कि केवल यह जरूरी नहीं कि हम उचित दिशा में जायं, उचित दिशा के साथ साथ गति की भी आवश्यकता होती है? अगर दिशा सही हो और उसके बावजूद भी गति बहुत धीमी हो तो काल की जो गाड़ी है वह हमारे पांव के नीचे से खिसक जायगी। मुझे अफसोस है, मुझे दुख है कि भारत सरकार के जो आज नेता हैं वे गति की आवश्यकता को समझ नहीं पाते क्योंकि गति के साथ और समाज की प्रगति के साथ चलने का इन्होंने ढंग नहीं सीखा। महोदया, मैं यह बात कोई गुस्से में नहीं कहता, म यह बात कोई भावनाओं को भड़काने के लिए नहीं कहता, मैं केवल इसलिए कहता हूं कि संसद में जो इस देश की सर्वोच्च संस्था है वहां मैं उन लाखों भूखे-प्यासे लोगों की पीड़ा का प्रतिनिधित्व करना चाहता हूं जिन्होंने हजारों की संख्या में इकट्ठे होकर हमसे केवल एक बात की मांग की, उन्होंने कहा कि हम कुछ नहीं चाहते, हमको पीने का पानी दो, हमारी मेहनत का उपयोग करने के लिए काम दो। क्या ये दो बातें पूरी करना सम्भव नहीं है?

यह इलाका जोधपुर से लेकर गडरा रोड तक और फिर वापस हमारे मित्र माननीय अमृत नाहटा का क्षेत्र है। यह करीब 42-45 हजार वर्ग मील का क्षेत्र है जिसका प्रतिनिधित्व अमृत नाहटा साहब करते हैं। हर जगह मैंने देखा कि जिस समय सारे लोग घेर लेते थे, स्त्री-बच्चे, सब एक ही बात पूछते थे कि अमृत नाहटा साहब कब पीने का पानी दिला रहे हो। माननीया मंगलादेवी तलवार यहां पर हैं, उनसे पूछ लीजिए स्त्री और बच्चों की जो दुर्दशा हमने देखी। चाहे सरकारी रिपोर्ट में कुछ लिखा हो, एक-एक सड़क पर 12-15 हजार लोग काम करने के लिए आते हैं स्त्री और बच्चे, खुले आकाश में जहां कोई झाड़ी नहीं, जहां कोई पेड़ नहीं है वे रात बिताते हैं। जिस समय हम गए उनके लिए कोई ऊपर से साया नहीं था, हमने पूछा तो कहा गया कि इन्तजाम किया जा रहा है, शायद राजस्थान सरकार कुछ इन्तजाम कर रही है। महोदया, आप अनुमान लगा सकती हैं कि इस जाड़े की रात में स्त्री और बच्चे घर से 10-12 मील की दूरी पर पड़े हों और उसके बाद यह कहा जाता हो कि इन्तजाम किया जायगा। मैं आपसे पूछना चाहता हूं महोदया, कि अगर इस देश की सीमा पर, गदरा रोड या जैसलमैर के इलाके में कोई बाहरी दुश्मन का हमला हो तो हम क्या करेंगे? हम क्य यह कहेंगे कि इंतजाम किया जा रहा है। सारे भारत सरकार की यह जिम्मेदारी हो जायगी कि दौड़ कर के सीमा के क्षेत्र में जांय और देश की सुरक्षा करें। क्या आज वही स्थिति नहीं है? क्या वित्त मंत्रालय के अधिकारियों की और नेतागणों की, श्री मोरारजी भाई देसाई की, श्री जगजीवन राम जी की यह जिम्मेदारी नहीं है, माननीय सरदार स्वर्ण सिंह जी की यह जिम्मेदारी नहीं है कि उस इलाके में जांय और देखें? कौन सा काम इस दिल्ली में होता है कि अगर चार दिन ये लोग नहीं रहेंगे तो दिल्ली का काम रुक जायगा? हजारों लाखों लोगों की पीड़ा के सामने दिल्ली में फाइलों का काम, नौकर-शाही के लिखे हुये नोटों पर दस्तखत करने का काम, ज्यादा जरूरी नहीं है। मैं चाहूंगा कि जब ऐसी विपत्तियां आयें, जहां पर सारी मानवता संकट में हो, जहां पर सारी मान्यतायें संकट में हों, तब भारत सरकार का यह कर्त्तव्य होता है, राजस्थान सरकार का यह कर्त्तव्य होता है, उत्तरदायित्व होता है, कि वह संकट के स्थान पर जांय और वहां जा कर उन लोगों की पीड़ा को देखें।

महोदया, मैं आपसे कहना चाहूंगा कि यह सब काम कितनी ढिलाई से हो रहा है इसका अंदाजा आप इससे लगा सकती हैं कि केन्द्रीय नलकूप खोदने वाले विभाग ने आज से चार-पांच वर्ष पहले कुछ ट्यूबवेल्स खोदे लेकिन उन ट्यूबवेल्स को कमिशन नहीं किया जा सका, उसमें पम्प नहीं लगाया जा सका। कहा जाता है कि साधन नहीं हैं, कठिनाइयां हैं, ऐसी जगहों पर ट्यूबवेल्स हैं जहां पहुंचने में काफी दिक्कत होती है। महोदया, क्या आप ऐसे बहानों को सही बहाना मानती है ? क्या आप समझती हैं कि दो चार सौ ट्यूबवेल्स लगाने में इनको कठिनाई होगी ? क्या भारत सरकार के पास, चाहे वह खाद्य मंत्रालय हो, चाहे वह सुरक्षा मंत्रालय हो, चाहे वित्त मंत्रालय हो, यह साधन नहीं है कि पचास सौ रिग्स ले जा कर के एक महीने के अन्दर पांच करोड़ रुपया खर्च कर के राजस्थान में ट्यूबवेलों को लगा दें। मैं नहीं मानता कि भारत सरकार इतनी पराक्रमहीन हो गई है कि इस छोटी सी समस्या का समाधान वह नहीं कर सकती। लेकिन इसके लिये इच्छा-शक्ति चाहिये, जिस बात की आज कमी है। पैसों की कमी नहीं है, साधनों की कमी नहीं है, इच्छा-शक्ति की कमी है और उस इच्छा-शक्ति को पैदा करने के लिये प्रायः हम कहते हैं कि मौलिक सिद्धांतों पर हमें जाना होगा। मगर सरकार का एक तरीका बन गया है। एक गांव रामसर है और एक बयातू है या कुछ गांव हैं, वहां के लोगों ने कहा कि 35 मील से उनको पीने के लिये पानी लाना पड़ता है। तो एक ओर यह पीड़ा है लेकिन दूसरी ओर मैं आपसे, महोदया, इस अवसर पर कहना चाहता हूं और राजस्थान के उन लोगों का अभिनन्दन करना चाहता हूं क्योंकि हर जगह जहां जहां मैं गया एक जगह भी कोई यह कहने वाला नहीं मिला कि मुझे मुफ्त में खाना दो, मेरे लिये फ्री लंगर खोलो, हर जगह लोग कहते थे कि हमको काम दो, पानी दो, रोजी दो, हम मेहनत करेंगे, काम करेंगे। दूसरी मांग उनकी क्या थी ? उनकी दूसरी मांग यह थी कि हमको सस्ता अनाज दो, मोटा अनाज दो, सस्ता अनाज दो। महोदया, शायद आपको जानकारी नहीं होगी कि भारत सरकार का कानून फ्री लंगर चलाने के लिये पैसा दे सकता है, भीखमंगनी की आदत डालने के लिये इस के पास पैसा है लेकिन अगर हम यह कहते हैं कि इस इलाके में 25 फीसदी कम दाम पर अनाज दो तो इसका कानून उस रास्ते में आ जाता है। महोदया, ऐसे कानून को जो सरकार और जो प्रशासन उल्लघन नहीं कर सकती उस प्रशासन के लिये क्या शब्द कहूं, कठोर शब्द इस्तेमाल करना चाहता हूं लेकिन इतना ही कहूंगा कि वह प्रशासन कभी अपने को गतिशील प्रशासन कहने का अधिकारी नहीं रहता।

महोदया, मैं एक और सवाल आपके सामने रखना चाहूंगा। जैसा कि अभी हमारे मित्र बांके बिहारी दास ने कहा कि सरकार की ओर से यह कहा जाता है कि सड़कें मत बनाओ कोई और काम करो। कौन सा काम करें वहां पर ? राजस्थान में सड़कें बनाने के अलावा उस इलाके में दूसरा कोई काम नहीं है। यहां से एक्सपर्ट लोगों की एक टीम जाती है, एक्सपर्ट साहब लोग कोठियों में रहते हैं, मनुष्य की आवश्यकता और किसी प्रदेश के अंचल-विशेष की आवश्यकताओं से उनको कोई मतलब नहीं है लेकिन उनको एक निर्देश देने का अधिकार है और वह दे देते हैं लेकिन वह यह नहीं समझते कि अगर वहां सड़कें बनाने का काम नहीं है तो दूसरा काम क्या है ? तालाब खोदने का काम होगा। उस इलाके में दस पंद्रह बीस इलाके होंगे जहां कि सत्तर हजार लोग रोज काम करते हों और मेहनत से करते हों, लोग काम का बहाना नहीं करते असल में जा कर वहां काम करते हैं तो चार पांच या दस दिन में उन सारे कामों को पूरा कर देंगे। अभी जैसा कि श्री सुन्दर सिंह भंडारी और मिर्धा साहब ने कहा कि जैसलमेर के इलाके में चार सड़कें पूरी हो गईं और अब नया काम उनको मिलता नहीं है तो फिर क्या किया जाय ? हमारे सुरक्षा विभाग ने सड़कों की योजनायें बना रखी हैं लेकिन वह कह रहा है, यहां जो केन्द्र में बैठे हुये सुरक्षा विभाग के अधिकारी हैं वह

[श्री चन्द्र शेखर]

कहते हैं कि ये योजनायें दो साल के बाद ली जायेंगी और इस साल पहले करोड़ों रुपये दूसरी सड़कों पर खर्च किया जायगा। यह हमारी सरकार का कोआर्डिनेशन है, एक विभाग से दूसरे विभाग का कोआर्डिनेशन है। क्या कठिनाई है अगर डिफेंस डिपार्टमेंट, सुरक्षा विभाग और खाद्य विभाग, खाद्य मंत्रालय, दोनों मिल कर के कहें कि भाई इस सड़क को ले लो, यह हमारी योजना के अन्दर है और इससे उनको रोजी भी मिलेगी लेकिन यह समन्वय दोनों विभागों का नहीं हो सकता क्योंकि वहां के सेक्रेटरी साहब जो बैठे हुये हैं उनका अलग साम्राज्य है और खाद्य विभाग के जो सेक्रेटरी हैं, जो सचिव हैं, उनका अलग साम्राज्य है। (*Time bell rings.*) महोदया, मैं पूछना चाहूंगा मंत्री महोदय से कि क्या इतने दिनों के बीच में कभी भी डिफेंस मिनिस्ट्री और खाद्य मिनिस्ट्री और फाइनेंस मिनिस्ट्री के मिनिस्टरों की या सेक्रेटरियों की इस विषय पर कोई बैठक हुई है, कोई समिति बैठी है, क्या कभी इस पर विचार किया गया है ? कम से कम मेरी जानकारी में ऐसा विचार कभी नहीं किया गया। क्योंकि बड़े लोग हैं, इनको फुर्सत नहीं है बड़ी बड़ी जगहों पर जा कर के उद्घाटन करने से और फार्मल स्पीचेज करने से। महोदया, मैं कहूंगा कि इस स्थिति को बहुत दिनों तक बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

महोदया, मैं आपसे यह कहना चाहूंगा कि एक मोटे तखमीने से अगर दो लाख गायें इस इलाके में मरीं तो दो लाख गायों का दाम राजस्थान के हिसाब से कम से कम 5 करोड़ रुपये होते हैं क्योंकि 250 रु० से कम कोई गाय नहीं होती। तो 5 करोड़ रुपये के राष्ट्रीय धन की बर्बादी हुई और पांच करोड़ रुपये की सहायता हम नहीं दे सके। यह कैसा नियोजन है ? इस नियोजन को किसने शुरू किया?

मुझे दुख हुआ, श्री सुन्दर सिंह भंडारी ने कहा कि कुछ लोग पाकिस्तान चले गये, मुसलमान लोग चले गये। यह बात सही है, मैंने अपनी आंखों से देखा सारी यात्रा में कि मुसलमान भाई आंखों में आंसू भर कर के अपनी गायों के बारे में किस तरह से जिक्र करते थे और किस तरह से कैटिल कैम्प्स में बड़ी तादाद में उन्होंने अपने पशु ला कर रखे थ और कितनी बड़ी तादाद में वह गुजरात और मध्य प्रदेश में गये हैं उससे यह साफ साबित हो जाता है कि उन की ममता अपने पशु-धन पर बहुत है और वह सबसे अच्छे गोपालक हैं। यह बात सही है कि कुछ लोग पाकिस्तान की सीमा में गये, यह बात हमें भी बताई गई लेकिन ये वह लोग हैं जो हिन्दू थे और 1965 ई० की लड़ाई के जमाने में यहां पर चले आये थे और यहां की पीड़ा और परेशानी से तबाह हो कर के उनको पाकिस्तान जाना पड़ा।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : वह तो वापस ले आये गये।

श्री चन्द्र शेखर : वह वापस ले आये गये होंगे, पाकिस्तान की सरकार उनको लेना नहीं चाहती।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : दूसरे वह हैं।

श्री चन्द्र शेखर : उस घटना को मैं नहीं जानता कि उसमें कितनी सच्चाई है, उसको मैं नहीं जानता लेकिन एक और नमूना देख लीजिये, महोदया। एक गांव है एक हजार की आबादी का। राजस्थान के हिसाब से बड़ा गांव है खेतवाई और इस गांव का एक आदमी भी बीड़ी सिगरेट नहीं पीता, कोई नशा नहीं करता, इसमें एक आदमी भी कर्जदार नहीं है, हर एक बच्चे की पढ़ाई का इंतजाम करना वहां गांव-समाज के जिम्मे है, वहां पर एक सहकारी संस्था है जिसमें हर घर का एक एक आदमी सदस्य है, तो इस खेतवाई गांव की जमीन को ले लिया गया। किस लिये ? इसलिये कि वहां लांग रेंज फायरिंग की जगह बनाई जाय। मिलिटरी के लिये, लांग रेंज फायरिंग के लिये 250 वर्ग मील की जमीन ले ली। इन्होंने कहा कि 50 वर्ग मील जमीन इसमें से छोड़ दो तो हमारे सात गांव जो कि इस रेगिस्तान में बसे हुये हैं उनको नहीं उजड़ना

पड़ेगा । उपर से नीचे तक बार बार दौड़ा, तीन मर्तबा तो मैं माननीय सुरक्षा मंत्री से मिला होऊंगा, वह कहते हैं कि इसको हम बदल नहीं सकते क्योंकि हमारे अफसर नहीं मानते । और महोदया, इसके पहले एक योजना बदल चुकी है । बीकानेर के इलाके में एक एरिया लिया गया था, वहां के महाराजा महोदय ने कहा कि यहां पर मैं तीतर का शिकार करता हूं इसको ले लोगे तो शिकार कहां करेंगे । तीतर का शिकार नहीं रुकने पाये इसके लिये वह स्थान सुरक्षा मंत्रालय ने बदल दिया लेकिन सात गांव के हजारों लोग बर्बाद हो जांय मगर उस योजना में जरा सा भी परिवर्तन नहीं किया जा सकता ? मैं आपसे पूछना चाहता हूं, महोदया, कि ऐसे सवालों पर भी कोई इस केन्द्रीय सरकार में व्यक्ति है, कोई संस्था है, कोई समिति है, जो कि विचार करे । मुझे इसे दुख के साथ कहना पड़ता है । (*Time bell rings.*) महोदया, मैं दो बात कह कर खत्म करूंगा ।

श्री राजनारायण : बोलिये, बोलिये ।

श्री चन्द्र शेखर : पांच मिनट का समय इन्होंने दिया है ।

श्री राजनारायण : बोलिये, आप हमारा समय ले लीजिये ।

श्री चन्द्र शेखर : महोदया, ऐसी हालत में हमको और आपको सोचना पड़ेगा । मैं यह कहना चाहूंगा कि यह सब होता क्यों है ? इस लिये होता है कि जो पीड़ा है मनुष्य की, जो देश की पीड़ा है, इसको अंगीकार करने का ढंग इस सरकार ने नहीं सीखा है । इस सरकार ने केवल सरकारी अधिकारियों की रिपोर्ट को स्वीकार करना सीखा है । हमारे माननीय मित्र शिंदे साहब यह कहने के लिये मुझे क्षमा करेंगे । लेकिन राजस्थान में जिस तरह की पीड़ा है अगर उसको अंगीकार करने का थोड़ा भी प्रयास किया गया होता तो मैं समझता हूं बीस वर्षों में यह हालत बदल गई होती, इस हालत को बदलने में कुछ देर नहीं लगती । लेकिन महोदया, यहां तो सब काम उसी लालफीताशाही के जरिये होता है । हमारे मित्र सुन्दर सिंह भंडारी जी ने सवाल उठाया राजस्थान कैनाल का । मैं मानता हूं, वह एक बड़ा भारी क़दम है जिससे इस समस्या का हल निकाला जा सकता है । आखिरकार कैलिफोर्निया और उजबेकिस्तान भी रेगिस्तान थे । क्या खार का रेगिस्तानी क्षेत्र ही कोई ऐसा स्थान है जहां फसल नहीं पैदा हो सकती । यह धरती सोना उगल सकती है अगर पानी की व्यवस्था हो जाय और यह न केवल राजस्थान की कमी को पूरा कर देगी बल्कि सारे देश की खाद्य समस्या को हल करने के बाद हम दूसरे देशों को भी अनाज दे सकते हैं । कितनी योजना है—सौ या डेढ़ सौ करोड़ रुपये की । वह पैसा कहां से आएगा । पैसा लाने का सवाल एक बड़ा भारी सवाल है इसमें हमारे मित्र सुन्दर सिंह भंडारी के साथ हमारा मतभेद हो जाता है । जब हम यह कहते हैं जिन लोगों के पास पांच पांच सौ करोड़ की पूंजी है, 381 करोड़ रुपये के ऊपर बैठकर जो मुल्क पर हावी हुए हैं उनके हाथों से पूंजी अपने हाथों में ले लो और 45 करोड़ रुपया लगाओ और जनता के कामों में लगाओ तो हमारे माननीय मित्र सुन्दर सिंह भंडारी यह समझते हैं यह मौलिक अधिकारों पर हस्तक्षेप है . . .

श्री सुन्दर सिंह भंडारी (राजस्थान) : कानून से करो, डाका मत डालो ।

श्री राजनारायण : : गोरक्षा आंदोलन में जितना चंदा वसूल किया उसमें से दे दो ।

श्री चन्द्र शेखर : मैं पूछना चाहता हूं यह राजस्थान केनाल की योजना क्यों नहीं आती । इसके लिये एक योजना केन्द्रीय सरकार के पास हमारे मित्र नाहटा साहब ने दी "डेजर्ट इरीगेशन आथारिटी" । उन्होंने कहा है कि जैसे दूसरे देशों में आथारिटीज बनी हुई हैं, यहां पर भी एक ऐसी आटानोमस बाडी बनाओ जिसको इस बात का अधिकार हो कि वह अपने फन्ड इकट्ठा करे, वह बान्ड बेचे, वह लोगों से पैसा इकट्ठा करे और उसको इकट्ठा करके इस

[श्री चन्द्र शेखर]

रेगिस्तान नखलिस्तान में बदलने की कोशिश करे। लेकिन यह सरकार एक बुनियादी कदम उठाने में असमर्थ है, यह तो केवल अपनी यथास्थिति की हालत में घिर गई है और इसी का नतीजा होता है कि माननीय सुन्दर सिंह भंडारी जैसे लोग एक ओर राजस्थान की पीड़ा पर आंसू बहाते हैं। मैं नहीं जानता मगरमच्छ के आंसू हैं या इन्सान के आंसू हैं . . .

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : अपना चश्मा ठीक कर लें।

श्री चन्द्र शेखर : दूसरी तरफ जब पूंजीपतियों से पैसा लेने की जरूरत होती है उसके लिये वह तैयार नहीं। महोदया, मैं आपसे कहूं सौ करोड़ डेढ़ सौ करोड़ रुपये के बिना राजस्थान कैनाल योजना रुकी पड़ी है। पार्लियामेन्ट को छोड़ दीजिए, शायद यहां दिमाग ठंडा करने की जरूरत हो, लेकिन मैं आपसे पूछता हूं सारे सरकारी भवनों को देख लीजिए, बीस वर्षों में जितने रेफ्रिजरेटर्स, एयर कंडिशनर्स लगे हैं, जितने बड़े बड़े कमरे रखे हैं, एक आफिसर जो चंद घंटे उन आफिसेज में काम नहीं करता, वहां 10,000 रु० का फर्नीचर लगा हुआ है। यह किसके नाम पर होता है। जनता के नाम पर, जनतंत्र के नाम पर . . .

THE DEPUTY CHAIRMAN : Now you must wind up.

श्री चन्द्र शेखर : संसदीय जनतंत्र के नाम पर महोदया, मैं कहता हूं कि भोग-विलास और ऐश्वर्य के लिये जो धन खर्च होता है उस धन को, उसकी बरबादी को बिना रोके हुए, कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

अंत में मैं यह बात कहना चाहूंगा नर्मदा का पानी हजारों वर्षों से समुद्र में बह रहा है, न उसका फायदा मध्य प्रदेश को है, न उसका, फायदा गुजरात को है, न महाराष्ट्र को है न राजस्थान को है। भारत सरकार का झगड़ा हमारे माननीय मित्र के० एल० राव साहब यहां बैठे हुए हैं वह जानते हैं वर्षों से चल रहा है, न उसकी पंचायत हो पाती है न उस पर कोई कानून बन सकता है, न केन्द्रीय सरकार में क्षमता रह गई है कि वह दो या तीन प्रदेशों की पार्टियों को बुला कर कहे कि यह पानी समुद्र में बहे उससे अच्छा तो यह है कि यह पानी किसी प्रदेश के काम में आए जिससे देश का भला हो सके।

महोदया, अंत में मैं फिर कहना चाहता हूं कि यह सारी समस्याएं हल करने का एक ही तरीका है कि केन्द्रीय सरकार में बैठे लोग समझें कि जहां कहीं किसी भी अंचल में मनुष्य की पीड़ा होती है, चाहे वह राजस्थान में हो चाहे महाराष्ट्र में हो, चाहे वह आंध्र प्रदेश में हो वह सारे देश की पीड़ा है। अगर कोई सवाल उठाया जाय तो यह उत्तर हम लोग सुन चुके हैं कि मंत्री महोदय अभी कह देंगे : पैसे की कमी नहीं होगी, राजस्थान सरकार में क्षमता होनी चाहिये वहां ट्यूबवेल खोलने की। अगर वह क्षमता नहीं है तो आपका कर्त्तव्य है, उत्तरदायित्व है कि वह क्षमता उनमें पैदा करें। आप लाएं कानून इस संसद में, अगर कोई प्रदेश की सरकार विकास कार्यों को करने में असमर्थ है, अगर कोई प्रदेशीय सरकार विकास कार्य में अवरोध डालती है, आप आइये अपना प्रस्ताव लेकर संसद के सामने, संसद आपको अधिकार देगी, संसद् आपको पावर देगी उस काम को पूरा कराने के लिये। मैं तो मानता हूं प्रदेश की सरकारें स्वयं इस बात के लिए तैयार होंगी अगर आप उनका साथ देंग तो वह भी आपका साथ देंगी। लेकिन आपके दिमाग और दिल ने बड़े बड़ महलों से रेगिस्तान के इलाकों में जाना पड़ेगा। जब तक गोयन्का साहब को इंडियन आइल के शेयर कार्नर करने के लिये रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय दाद देता रहेगा तब तक राजस्थान में लोग भूख और पीड़ा से मरते रहेंगे। महोदया, मैं आपसे निवेदन करूंगा, आप कोई ऐसा उपाय निकालें, हमें कोई ऐसा रास्ता बतायें, कि जब शासन बहरा हो जाय तो उसको सुनाने के लिये कोई ऐसी ऊंची आवाज, शक्तिशाली आवाज हो, जिससे शासन सही रास्ते पर आ सके और जनता की

पीड़ा को, जनता के क्रंदन और रुदन को सुन सके। मुझे दुःख है कि राजस्थान की जनता की पीड़ा और रुदन और क्रंदन शायद आज तक भारत सरकार के कानों में नहीं पहुंची है। मैं बहुत दुख के साथ कहता हूं कि जयपुर की सरकार भी उस रुदन और क्रंदन को एक सामान्य बात मानती है। इसे सामान्य समस्या न समझ कर इसे एक गंभीर समस्या माना जाय और इसका निराकरण करने के लिये अविलम्ब कदम उठाये जांय।

श्री बालकृष्ण गुप्त (बिहार) : उप सभापति महोदया, मैं न तो राजस्थान में जो दो लाख गायें मर रही हैं और सैकड़ों लोग मर रहे हैं और क़रीब एक करोड़ लोग जो अकालपीड़ित हैं, उनकी दुरावस्था पर आंसू बहाने आया हूं और न किसी किस्म की भिक्षा भावना से प्रेरित होकर ही कुछ बोल रहा हूं।

महोदया, इस संसार में बहुत से सूखे इलाके हैं। आस्ट्रेलिया का दो तिहाई इलाका सूखा है इज़राइल का इलाका सूखा है, चिली का इलाका सूखा है, इसी तरह कैलीफोर्निया, एरीज़ोनिया, न्यू मेक्सिको और नेवाडा के इलाके सूखे हैं। लेकिन वहां से कभी कोई आवाज़ नहीं आती कि कहीं एक भेड़ मर गया या कहीं एक आदमी मर गया या कहीं कोई बेकार हो गया।

अभी चन्द्र शेखर साहब गोयन्का साहब को इस रंग में लपेट रहे थे। असल में तो उनको अपनी उस पार्टी को इलज़ाम लगाना चाहिये जो बीस वर्षों से इस देश में शासन कर रही है और जहां हर प्रान्त में हर साल, कभी महाराष्ट्र में, कभी बिहार में, कभी राजस्थान में, कभी सौराष्ट्र में, कभी मध्य प्रदेश में और कभी माननीय चन्द्र शेखर के बलिया और भोजपुर में अकाल घोषित होता रहता है, सूखा पड़ता रहता है। और जब सूखा पड़ता है तब इन्द्र महाराज का प्रकोप कह दिया जाता है और इन्दिरा जी को बिलकुल बरी कर दिया जाता है। इस तरह की प्रकृति की बिडम्बना दुनिया में हर जगह है। इज़राइल ने उस सूखे में समुद्र का खारा पानी मीठा बना कर और वहां ला कर संतरे के बाग़ लगा दिये, कैलीफोर्निया में अंगूर की बेलों से करोड़ों मन अंगूर हो रहा है और हमारी यह सरकार 20,000 करोड़ रुपया खर्च करके 6000 करोड़ रुपया विदेशों से ले कर के और 15000 करोड़ रुपया अंदुरूनी, सेठ साहूकारों और बैंकों का और एल०आई०सी० के प्राविडेन्ट फन्ड को लेकर अभी तक इस अवस्था में है कि पच्चीस पच्चीस मील दूर से पीने का पानी लाना पड़ता है। राजस्थान में हमेशा का यह दृश्य है कि औरतें और ऊंट दस पांच कोस दूर से पानी लाते हैं। राजस्थान हमारे पूर्वजों की भूमि है। मुझे भी वहां जाने का सौभाग्य या दुर्भाग्य प्राप्त हुआ है। मेरे प्रपितामह भी अकालग्रस्त होकर राजस्थान से बंगाल गये थे लेकिन उस वक्त अंग्रेजों का राज था और कहीं कोई योजना नहीं थी, राजे लोग बैठे हुए मदमस्त होकर दारू का सेवन करते रहते थे, अंग्रेजों को रिसाला देते रहते थे। यहां आज जनतंत्र है, गांधीवाद का युग है, समाजवाद की घोषणा की जाती है, बड़ी बड़ी जनकल्याणकारी राज्य की कामना करने वाली बातें की जाती हैं और हिन्दुस्तान के अंदर राजस्थान, बिहार और सब जगहों में अकाल और भूख से मौतें हो रही हैं। अभी मैं एक पार्लियामेंटरी डेलीगेशन के साथ जलपाईगुड़ी और कूच बिहार गया था, वह टिस्टा नदी में चालीस इन्च बरखा के अंदर सैकड़ों मील इलाका तबाह हो गया है। और करीब 10, 15 हजार आदमी बिलकुल मर गये हैं। करीब लाख, दो लाख आदमी बेघरबार हो गये हैं और इस तरह से वहां पर सड़कों के किनारे आदमी मरे पड़े हुए हैं।

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री जगजीवन राम) : मर कहां रहे हैं।

श्री बालकृष्ण गुप्त : इतने लोग मर गये हैं मगर उनको पता नहीं है। जो लोग मर गये हैं वे लापता हैं या बह गये हैं।

श्री राजनारायण : कौसी में भी बहुत से लोग मरे और बह गये हैं।

श्री जगजीवन राम : लिस्ट इन्हीं लोगों के पास है।

श्री बालकृष्ण गुप्त : चूंकि श्री जगजीवन राम जी ने सवाल किया, इसलिए मैं उन्हीं के क्षेत्र की बात करना चाहता हूं। जहां पर उनका क्षेत्र है, जहा से वे खुद चुनकर आये हैं। 19 सितम्बर, 1968 को शाहबाद के मजदूर सोशलिस्ट नेता श्री शिव प्रसाद सिंह ने एस० डी०ओ० के सामने प्रदर्शन किया और उनको पकड़कर 200 रुपया जुर्माना कर दिया गया और एक महीने की सजा दे दी गई। भभुआ में 5 साल से सूखा चलता आ रहा है। वहा के लोगों ने जब पीने के लिए पानी मांगा तो उनके हाथों में हथकड़ी डाल दी गई, उनके कमर में रस्सी डाल दी गई और सब को जेल भेज दिया गया। बिहार में सूखे के खिलाफ बोलने वालों को आज सजा दी जाती है। पांच वर्षों तक तीन पंचवर्षीय योजना में बिहार के गया जिले में और शाहबाद जिले में हमेशा सूखा पड़ता चला आ रहा है। वहां पर कभी भी पूर्ण वर्षा नहीं हुई है। सोन की एक मामूली नहर है और दूसरी नहर के हाई लेवल किनारों के बनाने की बात आज तक पूरी नहीं हुई है। 20 वर्ष के कांग्रेस के राज्य में बिहार में 10,556 कुओं में बिजली दी गई थी जब कि अप्रैल 1967 में जब कि वहां पर संविद की सरकार थी, जो केवल 6 महीने तक रही, उसने दिसम्बर 1967 तक 13168 कुओं में बिजली दी। तीन पंचवर्षीय योजना में बिहार में 1800 कुएं खोदे गये जबकि वहां पर कांग्रेस की सरकार थी, मगर अप्रैल 1967 से दिसम्बर 1967 तक 1500 कुंए खोदे गये। जितने ट्यूबवैल्स कांग्रेस सरकार ने तीन पंचवर्षीय योजना में बनाये, यह राशि उससे ज्यादा है जो कि संविद की सरकार ने 6 महीने के अन्दर बनाये। इस तरह से संविद की टूटी-फूटी और बदनाम सरकार ने 20 हजार कुंए बना डाले। क्या यह संकल्प कम है ? मगर कांग्रेस सरकार ने तो संकल्प का शब्द ही गायब कर दिया है। कांग्रेस की सरकार तो जनता के दुःख-दर्द को सुनती ही नहीं है और जब मौत की खबर आती है तब वह जागती है। जब आदमी भूखा रहता है तब ही उसको तरह तरह की बीमारी लगती है और तब मरता है। मगर हमारी सरकार इस बात को समझती ही नहीं है। जब आदमी 20 या 25 दिन तक भूखा रहता है तब उसकी आतें और दूसरे शरीर के यंत्र खराब हो जाते हैं और उसके बाद वह बीमारी से मर जाता है। मगर हमारी सरकार इस तरह की मृत्यु को अकाल द्वारा मृत्यु नहीं समझती है।

आज हमारा देश हमेशा के लिए अकालग्रस्त हो गया है, अभावग्रस्त हो गया है, बेरोजगार-ग्रस्त हो गया है। यह हिन्दुस्तान की क्या हालत हो रही है। जब हम लोग अवाज उठाते हैं, जनता अवाज उठाती है, तो हमारी कोई सुनने वाला नहीं है। वे लोग समझते हैं कि हम व्यर्थ में अपनी जबान चलाते हैं और इस तरह से अकाल का हल्ला मचाते हैं। यहां पर जब विद्यार्थियों के प्रदर्शन होते हैं, स्कूल टीचरों के प्रदर्शन होते हैं, नैक्सलाइट वाले प्रदर्शन करते हैं, लैफ्ट कम्युनिस्ट प्रदर्शन करते हैं, तब ही बड़ा भारी विस्फोट होता है और तब ही सरकार के कानों में जूं रेंगती है। नहीं तो इतने लोग राजस्थान में अकाल से मर गये, जनता दुखदर्द से पीड़ित है, तरह तरह की कठिनाइयों का सामना कर रही है, मगर इस सरकार को कोई कल्पना ही दिखलाई नहीं देती है। आज हालत यह है कि लोगों को पीने के लिए पानी भी नहीं मिलता है और पानी के लिए राजस्थान में लोग 30 मील दूर तक जाते हैं। आज जगह जगह राजस्थान में सूखा पड़ा हुआ है। भारत के सम्पूर्ण भाग में सूखे की स्थिति नहीं है, यह नहीं कहा जा सकता है। हरियाणा के कुछ इलाकों में इस समय सूखा पड़ा हुआ है, मध्य प्रदेश के कुछ इलाके अकालग्रस्त हैं। विदेशों में हिन्दुस्तान में अकाल पड़ रहा है यह लिखने के लिए एक काम हो गया है। यह कांग्रेस के 20 वर्ष के राज्य का परिणाम है। जब तक हम इस राज्य को नहीं उखाड़ फेंकेंगे तब तक जनता का कल्याण नहीं हो सकता है, न अकाल को ही

मिटा सकते हैं, न सूखे को मिटा सकते हैं, न बाढ़ों को मिटा सकते हैं और न ही अन्न की कमी को दूर कर सकते हैं।

श्री जगजीवन राम जी हमारे सामने बैठे हैं। श्री सुन्दर सिंह भंडारी जी ने और श्री चन्द्र शेखर जी ने राजस्थान इलाके का जहां पर सूखा पड़ रहा है वहां का दौरा किया और अपने भाषण में कहा कि 99 प्रतिशत जनता सूखे से पीड़ित है। श्री राजनारायण जी खुद बीकानेर में देख आये हैं कि मजदूरों को टैस्ट वर्क में 1 रुपया 12 पैसे रोजाना मिलते हैं। पी०डब्ल्यू०डी० के आदमी वहां के लोगों से जो काम लेते हैं उसकी पूरी मजदूरी नहीं देते हैं और वे 5 और 10 दिन के बाद आधी मजदूरी उनके हाथों में थमा देते हैं। जिस तरह से उदयपुर के नखलीवाले खुमानसिंह को पांच दिन की बकाया रकम देने के लालच से मार दिया गया था, उसी तरह से वहां के अफसर लोग मजदूरों के साथ व्यवहार करना चाहते हैं। यह सब सुनकर, यह सब देखकर, दुःख होता है और ख्याल आता है कि कब हमारा देश इजरायल की तरह तरक्की करेगा। हमारी सरकार तो समाजवाद का ही नारा लगाती रहती है मगर जिस तरह से कैलीफोर्निया वालों ने, एरीजोना वालों ने, न्यू मैक्सिको, नवेडा वालों ने अपने मुल्क को हराभरा और खुशहाल बना दिया है, उस तरह से कब हमारे देश में स्थिति आयेगी।

आस्ट्रेलिया पहले एक फ्री एन्टरप्राइज देश था, उसने भी अपने यहा भेड़ पाल रखे हैं और जब हमारी गवर्नमेंट को ऊन की जरूरत होती है तो वह आस्ट्रेलिया के सामने हाथ पसारती है। लेकिन मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि राजस्थान की भेड़ें गायब हो गई हैं, उनका ऊन खत्म हो रहा है। वहां पर जितने बड़े इलाके में रेगिस्तान है, जहां पर पहले लाखों की तादाद में भेड़ें थीं, अब वहां पर कुछ हजार भेड़ों की तादाद रह गई है। यह सब क्यों हो रहा है और क्या नहीं हो रहा है।

इजरायल ने अपने यहां सूखे का इलाज कर लिया है, मिश्र कर रहा है और जैसा मैंने पढ़ा सीरिया रूस की मदद से फरात नदी में बांध बांध रहा है। हमारे यहां पर राजस्थान कैनाल है और स्वराज्य प्राप्त होने से हम इसके बारे में सुनते आ रहे हैं और वह इन 20 सालों के बाद केवल गंगानगर तक ही पहुंच पाई है। भाकरा डैम का जो पानी राजस्थान को मिलना चाहिये था वह केवल 100 या 150 गांवों तक ही सीमित है। हमारी कांग्रेस की सरकार योजना के बारे में इतना भारी खर्चा कर रही है, इतना विदेशों से कर्ज ले रही है और तरह तरह का प्रचार कर रही है। मगर जब गांव में देखा जाता है तो वहां पर लोगों के लिए पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं मिलती है। आप गांवों में चले जाइये तो आप पायेंगे कि पटवारी साइफन खोलने के लिए तैयार नहीं है। मैं श्री जगजीवन राम से पूछना चाहता हूं कि एक हरिजन एम०एल०ए० श्री हंसराज है जिन्होंने छानी तहसील में भादरा गांव के हरिजनों का साइफन बंद कर दिया और जब वे लोग 6 महीने तक लड़े तब जा कर खुला। इस तरह से किसानों को कांग्रेस के राज्य में सताया जा रहा है। इस तरह की जो रोजाने की करुण कथा है और वह संसद् तक नहीं पहुंच पाती है। हम लोग क्या कहें, आज जगह जगह पर तबाही नजर आती है। जैसलमेर जिले में जो सूखा पड़ा है, उसकी हालत के बारे में सब जानते ही हैं। झुंझनु जिले को अकालग्रस्त घोषित नहीं किया गया है जबकि वहां पर 700 गांवों में से 699 गांव अकालग्रस्त हैं। जिन इलाकों में हमेशा अकाल पड़ता आया है, उन इलाकों को ओर सरकार का ध्यान नहीं जाता है, न वहां पर सड़कें बनाई जाती हैं, न रेलें बनाई जाती हैं। जब कोई काम नहीं बनता है तो इधर उधर पैसा बखेर दिया जाता है और फिर दो तीन साल के बाद अकाल का सामना करना पड़ता है। सरकार के सामने कोई मूल योजना नहीं है जिसके द्वारा हमेशा के लिए अकाल को हिन्दुस्तान से भगा दिया जाय। दूसरे देशों ने अकाल को भगा दिया है और अकाल जैसी कोई

[श्री बालकृष्ण गुप्त]

चीज उन के यहां नहीं है। बेकारी जैसी भी कोई चीज उन के यहां नहीं रही है। एक, दो परसेंट की बेकारी वे लोग वहां रखते हैं और हमारे यहां अकालग्रस्त इलाकों में नब्बे और सौ परसेंट लोग बेकार हैं। शहरों में भी 20, 30 फीसदी लोग बेकार हैं। यह किस तरह की योजना है, यह किस तरह का समाजवाद है, यह किस तरह की सरकार है, यह किस तरह के अफसर हैं? यह तो एक विचित्र चीज है। इस को तो देख कर ही दुनिया के लोग हिन्दुस्तान को बिलकुल हीन दृष्टि से देखने लगे हैं और हमारे लोगों की कहीं इज्जत नहीं रह गई है। चाहे इंदिरा गांधी आस्ट्रेलिया जायं, चाहे साउथ अमरीका जायं, भले ही उन को देखने के लिये लोग कूद पड़ें, भले ही अखबारों में उन की चर्चा हो, लेकिन हम लोगों की, हिन्दुस्तानियों की कहीं कदर नहीं है। सब जगह से हम लोगों को भगाया जा रहा है। कहीं हम को कोई बसने नहीं देता। केनिया में हो, लंका में हो, बर्मा में हो, सब जगह से हम लोग निकाले जा रहे हैं और अकालग्रस्त इलाकों में वापस ढकेल दिये जा रहे हैं जहां पानी और अन्न के बिना हम मर रहे हैं। यह हिन्दुस्तान की हालत है। इस हालत का इलाज मुझे तो इस शासन के रहते जिस तरह की चीजें पैदा हो गयी हैं, उन में कहीं नजर नहीं आता। यदि कभी क्रान्ति हुई और दूसरे लोग गद्दी पर बैठे तो इसी जनता के प्रबल श्रम समूह को ले कर सदा के लिये इस प्राबलम को साल्व किया जा सकेगा।

जब रुपये की बात कही जाती है तो कह दिया जाता है कि हमारे पास 1 करोड़ नहीं है, 2 करोड़ नहीं है, 5 करोड़ नहीं है। वित्त मंत्री जी सेठ साहूकारों की तरह से व्यवहार करते हैं। जैसे सेठ लोग अपने गरीब रिश्तेदारों के साथ व्यवहार करते हैं उसी तरह से वे प्रान्तीय सरकारों के साथ व्यवहार करते हैं और वह कभी किसी को पर्याप्त पैसा नहीं देते। पैसे के मामले में पिछले बीस वर्षों में उन्होंने जितना पैसा बर्बाद किया है उस का परिणाम है कि आज हिन्दुस्तान के कोष में पैसा नहीं रहा है और हर काम में पैसे की कमी सामने आ कर खड़ी हो जाती है। जिस मुल्क में 50 करोड़ आदमी हों वहां क्या नहीं हो सकता। चीन ने बिना विदेशी पूंजी लिये अपने देश में अकाल को मिटा डाला है और हांग-हो जैसी नदी, जो दुख देने वाली और बाढ़ वाली नदी थी, को बांध कर नहरों में कैद कर दिया है। हमारे यहां क्या हो रहा है। हम आबादी में दुनिया के दूसरे नम्बर के मुल्क हैं। हम चाहें तो लोगों के श्रम से बहुत बड़ी चीजें पैदा कर सकते थे। अगर एक आदमी 3 रुपये रोज पैदा करता तो यह 50 करोड़ आदमी रोजाना 150 सौ करोड़ रुपया पैदा करते और हिन्दुस्तान की आमदनी कमी की दुगनी, तिगुनी हो गयी होती और हम को 5, 10 करोड़ के लिये इधर उधर भागना न पड़ता। जलपाईगुड़ी में लोगों ने मुझ से कहा कि रिलीफ के लिये 20 करोड़ रुपये की जरूरत है और अभी तक सरकार ने दो करोड़ रुपया मंजूर किया है। राजस्थान के लोग तो मेरे पास रोजाना आते रहते हैं। वह कहते हैं कि सरकार ने दो करोड़ रुपया मंजर किया है। यह दो करोड़ रुपया तो वहां उसी तरह से सूख जायगा जिस तरह से राजस्थान के बालू के टीलों में एक दो इंच वर्षा सूख जाती है। मैं क्या कहूं कि किस तरह से यह चलेगा। किस तरह से यह होगा या नहीं होगा। चन्द्र शेखर साहब ने बड़ी लम्बी स्पीच दी और जन संघ को और स्वतंत्र पार्टी को और राम नाथ गोयन्का को उस में लपेट लिया। जिस का दोष है उस का गला पकड़िये। मैं राम नाथ गोयन्का का हिमायती या प्रचारक नहीं हूं। मैं स्वतंत्र पार्टी और जन संघ का समर्थक हूं। लेकिन झुठा इल्जाम दूसरों पर लगाने से अपने आप को उस से बरी नहीं किया जा सकता है। दूसरों की तरफ उंगली उठा कर इंदिरा सरकार को बरी करने की कोशिश, सुखाडिया सरकार को बरी करने की कोशिश या धर्मवीर के शासन को बरी करने की कोशिश अब ज्यादा दिन

नहीं चल सकती । लोगों की आंखें खुल रही हैं और वह देख रहे हैं कि क्या हो रहा है । संविद सरकारों पर छोटे छोटे इल्जाम लगा कर, उन के छोटे छोटे मामलों को बड़ा बना कर कांग्रेस का पुनर्गठन या पुनर्जीवन नहीं हो सकता । यह तो वैसे ही माया ी ोव है । जो राजस्थान की हालत है उस को देख कर कौन हिन्दुस्तानी आज कांग्रेस को वोट देगा । कांग्रेस मर चुकी है और उस ने देश को भी मार डाला है और राजस्थान ही नहीं, सब जगह लोग मर रहे हैं । बेकार घूम रहे हैं, इंजीनियर्स घूम रहे हैं, विद्यार्थी घूम रहे हैं, शिक्षक घूम रहे हैं । आज मंहगाई और बेकारी ने सब ो मार डाला है । और जब तक ये लोग कायम रहेंगे तब तक महंगाई और बेकारी को मि ाने का कोई उपाय नहीं है ।

SHR1 KR1SHAN KANT (Haryana; : Madam Deputy Chairman, this double phenomenon of excess of water on the one. side and thirsty human beings and thirsty lands on the other, this is a re-•curring phenomenon in this country which we discuss in this House every day. We find floods and inundation of land on the one sid;.- and thirsty human beings yearning for water on the other. These two phenomena we must analyse and then try to solve the whole situation. Of course floods have two sides of the coin while drought has only one side. Drought is a much more serious problem than floods because it creates excruciating hunger among the people, which is much more terrible than even the the worst human disease. It adversely affects- the human brain, the human mind and the human body. Of course floods have a ravaging effect because they destroy the standing crops, but they have one good thing also. After the floods disappear, in those areas we have better crops. This phenomenon we see everywhere, whether it is Orissa or it is Bengal or it is Delhi. We know that the 1964 floods in Delhi were ravaging but after the floods disappeared there were good crops. The same thing we find in Bengal and Orissa. But drought has got only one side and that is human misery, human agony and human hunger, which needs to be tackled on a firmer basis by having much better planning. But the way we try to solve this problem shows that planning as lacking in this country. These two problems are facing the same fate as our planning in this country is facing. Drought has to be tackled as a much more serious problem. Madam Deputy Chairman, I am sorry to say that this problem has not been tackled at the national level with all the seriousness and attention that it deserves. Drought and floods have this difference : Floods take place in certain river valleys where some rivers flow but drought is such a calamity that can overtake any part of the country, whether there is heavy rainfall or little rainfall. Even a State like Bihar, which has good rainfall otherwise, had to face famine and drought last year. Bengal which has heavy rainfall had to face famine in 1943. Even Andhra Pradesh which is generally a good granary of rice and other foodgrains had less *of* rainfall this year in August but the position improved later in September. In Madras there is inadequate rainfall and there is scarcity of water if the mansoon fails. So, this is a problem which is an all-India problem while floods is a local problem where certain rivers flow. So, this drought problem needs to be looked into with much more seriousness.

Madam, we have Flood Control Boards, we have flood control plans. But I am sorry to say that in this country up till now we have no all-India drought control plan. Madam, in the 19th century India was a history of recurring famines and droughts and after this a Famine Commission was formed which went into the causes of recurring famines in the different parts of the country. That Commission gave a very good report which was implemented. Madam Deputy Chairman, is it not time that the Government of India should appoint an All-India Drought Commission or a National Drought Commission which should go into the problems of various areas where scarcity occurs because of so many factors ? For example in Rajasthan, Haryana and other places recurring droughts arc there and there is scarcity of water. So, Madam, a Drought Commission must be formed which should go into all these things and evolve a comprehensive plan on the basis of which the Government of India and the States must function. But, Madam Deputy Chairman, my feeling is that the Government is tinkering with the problem. According to the statement of the Government of India, all the districts in Andhra Pradesh were originally affected but the situation later improved, 5 districts of Bihar are affected, 2 districts of Gujarat

[Shri Krishan Kant]

are affected, 4 districts of Haryana arc affected, parts of 16 districts of Mysore were originally affected but the October rains have saved the situation, 4 districts of Orissa are affected, 5 districts of Rajasthan, a border area, have been affected. Eight districts of UP are affected and some parts of Bengal are also affected. So I want to bring to the notice of the House that it is a national problem which needs to be looked into very seriously. The Government of India's statement as laid on the floor of the House only shows that they have been tinkering with this problem with some flimsy schemes which they send to the States and which cannot be implemented and thus they are postponed. The story of how the drought situation is being tackled is a very sorry one. I say this from the statement laid on the Table of the Lok Sabha which says :

> "The draft outline of Fourth Five Year Plan made a provision of Rs. 40 crores for surveys and pilot programmes which would suggest the direction of action necessary for tackling the problem of chronically drought affected areas."

What happened later on ? They themselves say :

> "At a later stage this amount was reduced to Rs. 10 crores."

You know where human misery is there, food scarcity is there, men die because of lack of water and food. The lands get parched. The sum provided in the Draft Fourth Plan was reduced to Rs. 10 crores but later on a sum of Rs. 50 lakhs has been provided in the Budget for 1968-69. Is this the way to tackle drought a problem which is recurring ? It is a shamj that we cannot produce our food and still this problem of drought is not put on a war footing as we are going to put the flood problem. There is no all-India survey to tackle the problem. Some schemes are sent to the States, some survey is done. They say that the maximum they have done. They say :

> "Hue to paucity of funds, it was decided to make a beginning by taking up pilot projects covering an area not larger than an average district, in the 'hard core' of the chronieally drought affected areas in the States of Andhra, Mysore, Madras. Gujarat and Maharashtra."

There is no Rajasthan or Haryana^ Is this the way to tackle the drought situation, a problem which is recurring again and again ? We know that rains are unpredictable. You can control floods, but rains you cannot control. It has been estimated by some official that if there is lack of 1" of rain, there will be a loss of Rs. g crores worth of grains and we have not been able to give that much attention toil.

SHRI LOKANATH MISRA (Orissa) : Is that the Planning Gommission's calculation ?

SHRI KRISHAN KANT : This was of some official. In the statement they say nothing. They say :

> "A special cell to study the drought affected areas of the States has also been set up in the Central Water and Power Commission."

A cell is created for a problem which is recurring for centuries of years in this country and which cannot be solved easily. This needs to be tackled with full authority and with full strength.

Now I would refer to my sad State of Haryana. This report says something about it but I have some report from the Haryana Government which shows that out of a total cultivated area of 56,75,330 acres, the area which is affected by drought is 28,92,384 acres. It means 50 per cent of the cultivated area is affected by drought and 4 districts are affected by it. The value of the loss is estimated at Rs. 127 crores. The Government of Haryana is trying to do its best. It made an estimate as to what should be done and how much money is required for relief works and for giving water to tin people and fodder to the cattle. Thsy estimated that one crore of rupees would be required but they do not have money. They have provided for Rs. 38-49 lakhs for these works and something is being done but we need money. This is a small backward State. Till now no study team from the Centre has gone to-Haryana to study the effects of drought and to give some assistance. Haryana suffered earlier by floods and now it is suffering from drought. So scarcity is there. It was a backward area when it separated from Punjab and we demanded a subsidy of Rs. 10 crores to be given but till now, because we have not made any noise. nothing has been given. If Kerala makes noiee, the Government

of India will give something but because we are gentle people in Haryana and we do not start satyagrahas or march to the PM's house, nothing is given. I do not know whether it is correct. The Statement has given that out of 82 lakh acres about 29 • 5 acres are affected but on the other hand 82 lakh acres are not in the whole State and out of the districts affected, 29 lakh acres are affected. So even in the way it is presented it is put at the minimum. I would ask the Government whether any assistance has been given and if so, what help has been given to the Haryana Government and the people of Haryana to really tackle the problem. I would appeal that at least Rs. 50 or Rs. 60 lakhs must be given to the Haryana Government to tide over this problem of drought in this country. I would request that this should be done immediately so that we can solve the problem of the poor people of a State which gives very good cattle. If the cattle die there, as Haryana is not industrialised and it is mainly agricultural, there will be difficulty. The State can give very good food. It can be prosperous and can give food to the whole *country* as Punjab has given but their main demand is that they should be given some money. They need water. There were a number of schemes like th? Kishau dam. May I know if they will put some pressure on the Finance Ministry to give *some* money for *the* Kishau darn ? The Sahabinadi dam was accepted in the Lok Sabha but til[1] now it is not implemented. In order *to* savo the cattle wealth of Haryana, in order to make Haryana a. very good granary for the whole country, it is necessary that special attention should be paid and it should not be lost sight of because it is a small State. This is all that I wanted 60 say about Haryana.

In the end may I appeal to the Food Minister that it is time, as I said earlier, that an All-India Drought Commission is formed which should survey the problem seriously in the different States so that it can really give a good report which can be fully implemented in this country but before you do that, we have to take some short-term measures. You must provide underground water and surplus water by diversion or by even control bunding. Secondly about roadworks, it h a good thing to have them but side by side, it would be better if electricity is provided along with water so that small industries can grow which can solve the problem of the people permanently rather than tinker with the problem by phrrt-term measures.

A small electricity provision and water provision are essential, which need to be tackled immediately. Thank you.

4 P.M.

SHRI SITARAM JAIPURIA (Uttar Pradesh) : Madam Deputy Chair man, when the previous speakers were speaking on this subject of national calamity, it was painfully observed that certain light hearted Members ii I can use the expression with humility to them v\ere probably taking it a little lightly. When the Congress Members *were* speaking, some of the Opposition were jeering at them, and when the Opposition spoke, most of the Members in the Congress Benches not only repeated the same process but probably with greater vengeance. It was only when, we found Shri Chandra Shekhar spoke, the. Congress Members were stunned, and the Oposition felt that their views were being expressed to a great extent. I would most humbly submit that problems of this nature, they do not apply to any single political party, nor to any individual State, but they are problems of the entire country, and unless and until the entire country is kept in view and associated with this grim situation and find a solution for it, I doubt very much that a problem of this magnitude can be tackled in this manner. I was also a little pained when I found that some of my friends here were displaying a sense of special patriotism when they displayed that giving relief to the distressed was only the monopoly of a few *khans'* representatives or workers' well-wishers or persons who were less privileged than their few counterparts. I am afraid facts speak otherwise. If you go to any of these famine and drought-stricken Areas, and if any one of you have visited them, I can say without any fear of contradiction that in most of these places voluntary organisations are doing the work more successfully compared to any Governmental organisation or, if I may submit, even to a political organisation if any. You would not have forgotten the year 1943, when there was the famous famine in Bengal. I was a student at that time and I used to read newspapers. And I read in the papers that they were completely man-made famine conditions. I also agreed with that assessment at that particular time, and even today I would think that the prevailing drought conditions are also man-made. Even with regard to a small part of the country— I refer to Bengal in relation to the whole country—it was considered then to be a

[Shri Sitaram Jaipuria] man-made famine. And now, after full twenty years of independence, even now the conditions are such; whether we call them drought condition or badly drought-stricken condition, or famine condition or badly famine-stricken condition— the degrees may differ from place to place— the fact remains that we are still living in an era where the conditions are full of famine and things like that. But curiously enough, today the blame is thrown on God Almighty. No doubt I do have faith in God Almighty. I also realise that God Almighty is all powerful. He is capable of showering blessings and is equally capable of taking the blame on Himself. But let us not forget the old saying that Heaven help those who help themselves. Is it a fact, are we all satisfied, sitting in this House, whichever party we may belong to, and whichever Government is in power in whichever State, or in the Centre, that all that we possibly could do, we have done in this regard ? I am not sure we have not done it. If we are true to our conscience and if we search for an answer within our own hearts, we are sure to get the reply, "No, we have not done all we should have done."

[THE VICE CHAIRMAN (Shri Ram Niwas Mirdha) in the Chair]

The Srisailam project in the Krishna river valley is under construction but due to shortage of funds we are not able to complete that project and I would request the Government of India to bestow their attention and sanction the necessary funds to complete that project so that power can be extended at a cheap rate to all the chronically affected areas. Now attention should also be bestowed to dry areas where there is scarcity of rainfall. In such areas for six months in a year the ryots are idle. They are engaged in agricultural operations only for six months. For the remaining six months they have to be provided with some occupation. Some cottage or small-scale industries should be started there so that they get some kind of employment. Only that way their economic condition can be improved. Such cottage or small-scale industries should be developed in these chronically affected areas like Rayalaseema, particularly in Anantapur District.

Then there is the Tungabhadra high level canal. That is the only project that has been completed. One canal has 1o be completed called the Guntak-kal Canal. It has to go to Cuddappah and other areas also. It must be completed and water has to be given to the affected areas so thot they may be benefited immediately. I do hope that the Government while considering this situation in the country will be able to give top priority to such chronically affected areas and complete the prrjects which are under censtruction so that immediate relief can be given to the ryots particularly in the areas where they are really suffering. There are certain areas where people really suffer a lot because of scarcity of drinking water. The Government had already given 20 rigs to Andhra Pradesh and they have dug 120 wells in Anantapur District and out of those 120 wells 110 wells have been successful and the water scarcity in some areas has been remedied to a certain extent. Wherever there is difficulty for drinking water in some other parts, this kind of help must be extended so that the drinking water problem can be completely tackled at

[Shri Sanda Narayanappa] least by the end of the Gandhi Centenary year which we are now celebrating from 2nd October 1968 to 2nd October 196c,. At least by the end of Gandhi Centenary year drinking water should be provided to the rural areas, to every village in the country so that we can divert our attention to tackle other problems like famine, flood and so on. I really thank the Government because they have so far given Rs. 7.50 crores to Andhra Pradesh. The Andhra Pradesh Government have submitted schemes for an estimated expenditure of nearly Rs. 23 crores. The remaining schemes should also be sanctioned and till March the relief works now under Kxecution should be continued in order to provide employment to the people. Foodgrains have also to be supplied to those people where relief works are under execution and I would request the Government of India to look into these matters and give top priority to accord sanction to schemes connected with both temporary measures as well as permanent measures designed to tackle the problems of the chronically affected areas. These are the two things to which I would like to draw the attention of the Government.

In Telangana also some districts have been affected. Similarly the coastal districts like Srikakulam, Vizag, etc. have been affected this year though due to the recent rains in October the situation has improved to a certain extent. We hope that the food position of Andhra will improve somewhat but we can assess the position only by the end of December. Only by then we will be able to get a correct picture of the food position as well as the position of fodder. The Government of India and the Planning Commission should not waste any more time. It is high time that they came together, sit together and formulate schemes on a permanent basis so that hereafter such an unhappy situation may not occur.

5 P.M.

DR. K. RAMIAH (Nominated) : Mr. Vice-Chairman, Sir, a good dea^ of ground has already been covered by the previous speakers and I do not propose to go over it again. The note prepared by the Ministry is very informative but I do not feel happy over it for two reasons. It is a compilation cf the information on the States and the help they need. There is no differentiation made between real drought and slight drought due to either a reduction in total rainfall or a bad distribution of the same. For instance, the damage to crops due to drought may be different in different States and the report does not bring out the seriousness cf the position of drought in Rajasthan as compared to other States.

[THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair]

Further, there is an estimate of the damages in the States the quantum of help required and the help decided on by the Centre as a result of the report by a team of experts sent there by them. Madam, one hon. Member has suggested that no attempt has been made to make realistic estimate of the damages sustained by the different areas. I should like to mention that it is physically impossible to get such a correct estimate because the team sent by the Government of India can only verify the data given by the State by sampling. A more detailed estimate will be time consuming and impossible to undertake.

Now, Madam, drought itself can be of two kinds. For instance, in an area where we get about 40" of rains. Normally a reduction to 20" to 30" in a year or its bad distribution there will be some loss in agricultural production. In Rajasthan however where the actual normal rainfall is only 15", its reduction to 10" will produce more damage than a similar reduction could in another area. The situation in Rajasthan which some of the hon. Members have actually seen is really very bad. The question of lack of funds cannot and should not arise to bring succour and help to this State which is in such a terrible plight.

The second point about the report is that it does not provide any information about the remedial measures which are being taken or are proposed to be taken as a long-range remedy. There cannot be difference of opinion about remedies to be considered. One is a survey of the ground water. For example, in some areas as in Gangetic valley it is easily available while in other areas, such as Rajasthan though we may be able to tap the ground water it may be brackish and may not be suitable for either drinking purposes or for irrigating crops. In still others there ma.y be need for special rigs to tap the ground water. Therefore an immediate step that is to be taken as a long-range measure is to make an intensive survey of the

ground water and utilise it to the maximum extent possible in areas which are periodically subject to drought.

Then, Madam, States which need help when there is damage either due to floods or drought receive grants for relief measures from the Centre. Such grants which amount to some crores of rupees are all spent on relief measures and are not generally utilised for bringing about permanent improvements in the States concerned. For instance, if a State gets a grant of Rs. 10 crores for drought relief there should be some arrangements by which at least Rs. i or 2 crores can be utilised for bringing about permanent remedial measures so that such utilisation spread over a period of years might achieve tangihle results and prevent recurrence of drought to the same extent as it does now.

There is another remedy which is often not thought of, that is, deepening of wells and tanks which are an important source of irrigation in many parts of the country. Most of the irrigation tanks have become silted up and the catchment area which feeds the tanks has become denuded of all vegetation and trees and the water holding capacity of the tanks at present is only a fraction of the original one. This is a problem which has to be intensively taken up in areas where tanks and wells are the main sources of water supply.

Madam, with regard to relief works several suggestions have been made. I think relief works must be such as would not only improve the rural conditions of the area where such works are undertaken but also alleviate the trouble when drought occurs again, say, after two or three years. For instance, in Rajasthan not only a large number of tubewells must be constructed, but the areas where they are situated must be made easily accessible. At present even where tubewells are in position, those are not utilised for lack of power supply. Another idea might be to construct godowns where cheap grains, bajra jowar etc. can be stored safely, particularly in areas periodically subject tc drought. The stores for wheat and ric(may be relegated more to agriculturally favourable areas. Godowns for cheap foodgrains may be particularly valuable in some western areas where famine and drought conditions are of frequent occurrence.

Lastly, I would suggest that the Ministry should set apart sufficient funds to intensify agiicul rural research to evolve drought resistant crops which can be grown in such areas. There is a certain amount of work in progress but there is scope for its intensification. We should determine suitable crops which can thrive under drought conditions and also evolve varieties of such crops which can produce satisfactory yields with limited water supplies. Such research has produced valuable results in parts of U.S.A. and similar work can be profitable in India also, particularly in Rajasthan and western India. This research may play more important part in the activities of the Arid Zone Research Institute in Jodhpur than now.

श्री सी० एल० वर्मा (हिमाचल प्रदेश) : उपसभापति महोदया, पिछले सेशन में जिस वक्त आंध्र के बारे में सूखे का जिक्र हो रहा था उस वक्त मैं हैरान था कि लोग पानी के वास्ते किस तरह से तरस रहे हैं लेकिन आज भंडारी जी और मिर्धा जी और चन्द्र शेखर जी ने राजस्तान के बारे में जो हालत बताई उससे तो समझ में नहीं आता है कि भाई हम वहां क्या इंतजाम कर सकते हैं। यह ठीक है कि हम सुझाव दे सकते हैं कि कुंवें खोदे जांये या फलानी चीज कर दी जाय मगर सब के वास्ते रुपये की भी दरकार है। तो यह सोचने वाली बात है कि आखिर यह सूखापन क्यों होता है और फ्लड्स क्यों आते हैं। इस सिलसिले में कंट्रोल बोर्ड वगैरह बेशक बैठा रखे हैं मगर सूखेपन की जो मेन वजह है वह यह है कि बारिशें नहीं होती और बारिशे क्यों नहीं होतीं इस लिये कि जंगल खत्म कर दिये जाते हैं। सारे हिमालिया में एक कोने से दूसरे कोने को देखिये सब जगह यही हो रहा है कि एक कांट्रैक्टर को कोई ठेका दिया जाता है और उसको सौ पेड़ काटने का ठेका है तो वह हजार पेड़ काटता है और कोई यह नहीं पूछता कि यह कैसे काटा, और कोई यह नहीं देखता कि जो दरख्त काटे गये हैं उनके बजाय कोई और दरख्त लग रहे हैं या नहीं। स्वायल कंजर्वेशन के लिये कुछ रुपया दिया जाता है मगर जहां उसके लिये काम होना चाहिये वहां वह एकदम

[श्री सी० एल० वर्मा]

कम कर दिया जाता है, उसमें कट लग जाता है, जो कट लगाया जाता है वह स्टाफ पर नहीं लगाया जाता, वह तो हमेशा स्कीमों पर ही लगाया जाता है। हिमाचल प्रदेश में 234 रेंजर्स हैं मगर जब कि स्कीमों के लिये रुपया नहीं मिला तो वे सब के सब बेकार हैं, उनके लिये काम नहीं है। तो चाहे वह काश्मीर हो, चाहे दार्जिलिंग हो या हिमाचल हो, सब जगह यही बात है। इसका कोई इंतजाम नहीं हो रहा है। हर एक स्टेट इसी फिक्र में लगी हुई है कि इस साल का बजट कैसे हो। झगड़ा यहीं आ कर पड़ता है। हमें स्टाफ के टी०ए० या डी०ए० वगैरह के लिये फिक्र है कि कैसे दें। जैसा कि चन्द्र शेखर जी ने कहा कि 12 करोड़ रुपया दिल्ली को सजाने में लगा दिया और जैसा कि 6 करोड़ रुपया चन्डीगढ़ को सजाने में लगता है और वैसे ही हर शहर को सजाने में लगता है मगर कोई यह नहीं सोचता है कि जो देहात में रहते हैं उनका क्या है। 80 फीसदी आबादी देहात के अन्दर है। मैं माननीय मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि देहात को सिवाय पैम्फलेट के, सिवाय इश्तिहारों के, सिवाय लेक्चरों के और क्या चीज मिली है। आपने स्कूल दे दिया है, स्कूल नाम को है लेकिन उसमें क्या टीचर्स हैं? आपने अस्पताल खोल दिया है लेकिन क्या उसमें कोई डाक्टर है? कोई डाक्टर वहां जाता ही नहीं। आपने सेंट्रल हेल्थ स्कीम बना दी है और जितने डाक्टर हैं सब चाहते हैं कि शहरों में रहें। तो शहरों की तरक्की रोजमर्रा हो रही है। इसी वास्ते मैं कहता हूं कि अगर रुपये की इसके लिये दरकार है तो सब से पहले यह सोचना है कि यह रुपया कहां से आना है, किस से बचाना है। उसके बचाव के लिये बहुत कुछ कहा जा सकता है जैसे कि मेरा सुझाव है कि आपके जो ब्लाक्स है उन ब्लाकों से क्या फायदा है सिवाय इसके कि आपने डुप्लीकेशन कायम कर दिया है, एक आपका पंचायत का डिपार्टमेंट है और आपने एक इंस्पेक्टर अपने ब्लाक में भी दे दिया, वह ब्लाक के बी०डी०ओ० के मातहत है और पंचायत का जो डाइरेक्टर वगैरह है उनका अपना अलग कंट्रोल है। एक लाख का बजट है और उसमें से 80 हजार तो तनख्वाह में ही खर्च हो जाता है तो बाकी 20 हजार रुपये में क्या डेवलपमेंट कर सकते है।

सड़कों को देखिये, जैसा कि बार्डर रोड का जिक्र भंडारी जी ने किया वैसे ही उसी तरह से मैं कहता हूं कि अगर सड़कें आप प्रोवाइड नहीं करेंगे तो यह काम नहीं चलेगा। इसके अलावा अभी भंडारी जी शिकायत कर रहे थे कि उनके राजस्थान में 74 रु० या 78 रु० क्विंटल से गेहूं मिला मगर मैं तो भंडारी जी की और माननीय मंत्री जी की नोटिस में लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश में तो हमेशा 115 और 120 रु० क्विंटल मिलता है।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : वहां भी 99 रु० हो गया है।

श्री सी० एल० वर्मा : इसका रिजल्ट क्या हो रहा है? रिजल्ट यह हो रहा है कि हम जंगल काट रहे हैं और उसमें खेत बना रहे हैं और गेहूं उसमें बीज रहे हैं। उसका यह नतीजा लाजमी है कि फ्लड भी आयेंगे और आपके यहां स्वायल इरोजन भी होगा। हम कहते हैं कि सैंट्रल गवर्नमेंट सबसिडी दे तो कहते हैं कि सबसिडी देना हमने बन्द कर दिया है। तो जब तक आप इस चीज को रेस्टोर नहीं करेंगे और आप हमको चीपर गेहूं नहीं देंगे यहां के लोग अपने खेतों को बढ़ाने से बाज नहीं आयेंगे और तब आप इन फ्लड्स को बिल्कुल कंट्रोल नहीं कर सकेंगे।

इसके अलावा जैसी कि हमारी अभी हालत है, चाहे आंध्र को ले लीजिये, मैसूर को ले लीजिये, राजस्थान को ले लीजिये, चाहे वेस्ट बंगाल को ले लीजिये, सब जगह यही हालत है कि रुपया चाहिये और हमारे मोरारजी भाई एकदम कह देंगे कि रुपया नहीं है मगर एक कमिशन जरूर बना देंगे चाहे वह खुशहाली कमिशन हो, फ्लड कमिशन हो या और कुछ हो और उसका रिपोर्ट आ जायेगी जिसमें

सिवाय खर्च होने के और कुछ नहीं होगा। तो इस वास्ते रुपये बचाने के लिये सब से पहले हमें सोचना होगा कि प्रायरिटी किस चीज को देनी है। सब से बड़ी प्रायरिटी पेट की है। अगर पेट में रोटी है, चाहे वह ज्वार की है, चाहे बाजरे की है, आप चुप रह सकते हैं लेकिन अगर पेट में रोटी नहीं है तो फिर कुछ नहीं कर सकते चाहे एम०ए० कर लें या कुछ कर लें। केरल में सब के सब एम० ए० हैं लेकिन सब के सब भूखे मरते हैं तो फिर एम० ए० करने का क्या फायदा। इसलिये अगर एजुकेशन को कम करना पड़ता है तो आप एजुकेशन को कम करने दीजिये या कोई चीज कम करनी पड़ती है उसको कम करने दीजिये मगर जहां तक पेट की रोटी का सवाल है उसके लिये हमें सब से पहले इंतजाम कर देना चाहिये। बाकी का जो खर्च है उसका खर्च अपने हाथ में है। देखिये ये बड़ी बड़ी बिल्डिंगें हैं। चाहे जो स्टेट हो सब अपना कैपिटल बना रहा है, जहां हम जाते हैं वहां देखते हैं कि जहां नई गवर्नमेंट बनी चाहे वह काश्मीर हो या और कुछ हो वहां एक बड़ा सेक्रेटैरियट बन गया है, भोपाल है तो वहां एक बड़ा सेक्रेटैरियट बन गया, लेकिन अगर उतना ही रुपया कहीं हम ट्यूबवेल में लगाते या और चीजों में लगाते तो शायद गरीब आदमी, जो 80 फीसदी आदमी देहात में रहता है वह गरीब आदमी यह महसूस करता कि हमारे लिये कुछ किया जा रहा है। यह सब जगह जो बिल्डिंगों पर रुपया खर्च किया जाता है वह बचाया जा सकता है। कौन सी चीज है जो कि बिल्डिंग के बगैर नहीं कर सकते। तम्बू में लोग रहते हैं, स्कूलों को तम्बू में कर सकते हैं मगर यहां होता यह है कि प्रोडक्शन बाद में होता है पहले बिल्डिंग बनाते हैं। मैं पिछले इतवार को बल्लभगढ़ गया। वहां इंडस्ट्री वालों को लोन दिया है लेकिन उन्होंने वहां इस तरह से प्लानिंग की है कि इस तरह से क्वार्टर बनें, वहां एयर-कंडीशंड प्लांट लगायें, कि सब खर्चा हो गया और कुछ बाकी रहा नहीं। तो आपने तरजीह दी है इंडस्ट्री को। इसके बजाय अगर आप जराअत को तरजीह देते तो शायद हमारी आज यह दशा न होती।

आपने जो यह स्टेटमेंट दिया है इसमें आपने ठीक कहा है कि पंजाब के अन्दर कोई ड्राउट नहीं आया लेकिन उसकी खास वजह यह है कि वहां नहरें हैं और ट्यूबवेल्स हैं और वहां बिजली मिल गई है और इसलिये वहां यह तकलीफ नहीं है मगर आपके स्टेटमेंट में है कि हिमाचल प्रदेश में ड्राउट आया। इसकी खास वजह क्या है, खास वजह यह है कि पानी हमारे पास जरूर है लेकिन वह सब बाहर चला जाता है। हम इतनी लिफ्ट इरिगेशन की स्कीम देते हैं मगर गवर्नमेंट आफ इंडिया कहती है कि हम इरिगेशन की उन स्कीमों को ही लेने जा रहे हैं जिसमें कि कम से कम इतना एरिया उसके अन्दर आये और वहां सरप्लस हो। इसका नेट रिजल्ट यह है कि हम कभी भी पहाड़ में न तो सरप्लस होंगे और न कभी सेल्फ सफिशियेंट होंगे और नतीजा यह होगा कि हम चिल्लाते रहेंगे और आप यही करते रहेंगे। कोई वजह नहीं है कि जब हमारे पास पानी है तो क्यों नहीं हमारे लिफ्ट इरिगेशन के काम को मंजूर करते। मालूम नहीं कौन सा पैमाना बना रखा है। प्लानिंग कमिशन की बात यह है कि वह मैदान के लिये पैमाना बनाते हैं और उसी को सब जगह के लिये रख देते हैं। हम पहाड़ वाले यह महसूस करते हैं कि प्लान आप देश का, मैदान का बनाते हैं और उसको पहाड़ में लगाते हैं तो वह कैसे हो सकता है। इसी वास्ते सारे पहाड़ के लोग आपसे नाराज हैं चाहे आप दार्जिलिंग को ले लें, चाहे काश्मीर को ले लें, जितनी भी पहाड़ी आबादी है वह बिल्कुल खुश नहीं है। प्लानिंग पहाड़ के नाम पर तो बिल्कुल हुई ही नहीं, वहां के हालात के मुताबिक नहीं हुई। यहां से साइक्लोस्टाइल्ड कापी चली जाती है और उसके मुताबिक करना होता है। जैसे कि हिमाचल प्रदेश यूनियन टेरिटरी है तो वहां के लिये कहा गया कि इस तरह का गुसलखाना बनाओ तब तो पैसा देंगे वरना नहीं देंगे। यह

[श्री सी० एल० वर्मा]

नहीं देखते कि वहां गर्म पानी कहां मिलेगा और अगर उस तरह से वहां का अफसर नहीं बनाता है तो वह अफसर नालायक है क्योंकि जो अफसर खर्च कर सकता है वही अफसर लायक है, जो कम खर्च करे वह लायक नहीं है। तो फिर उसको वह बनायेगा ही चाहे वह फिर काम में आये या न आये, चाहे वह लकड़ी रखने के काम में ही आ जाय मगर वह गुसलखाने के काम में नहीं आता है। तो यह हमारी प्लानिंग है।

तो जो हमारी लिफ्ट इरिगेशन की स्कीम है उसके लिये मैं मंत्री महोदय से कहूंगा कि चाहे वह हिमाचल प्रदेश हो, चाहे वह काश्मीर हो मगर जहां पानी है वहां लिफ्ट इरिगेशन जरूर हो जानी चाहिये। इसके अलावा जैसे कि आंध्र प्रदेश है या राजस्थान है जहां कि सूखे टैक्स बन सकते हैं और लोग उसके लिये लाखों सैकड़ों की संख्या में काम करने को तैयार हैं तो क्यों नहीं हम टैंक्स बनाते जिससे कि उसमें बरसात का पानी जमा हो जाय ताकि जो ये मवेशी हैं जो कि हमारी बेवकूफी की वजह से हमें कर्स कर रहे हैं वे तो बच जाएंगे। अगर हम उससे इरिगेशन नहीं कर सकेंगे तो कम से कम उन मवेशियों के लिये पीने का पानी तो हो जायगा।

स्टेट गवर्नमेंट के पास फंड नहीं है यह आजकल हर एक स्टेट गवर्नमेंट कहती है लेकिन वह यह जरूर चाहती है कि हमारे पास पावर हो, चाहे वह मद्रास हो, चाहे वह केरल हो, सब पावर मांगते हैं, लेकिन पैसा उनके पास है नहीं तो पावर का क्या होगा। इस लिये उन स्टेट गवर्नमेंट्स को भी सोच लेना चाहिये कि उनको जो पावर लेनी है उसको वह पूरा भी कर सकते हैं या नहीं, उसका वह इस्तेमाल भी कर सकते हैं या नहीं, उससे आमदनी भी कर सकते हैं या नहीं वरना इससे कोई फायदा होने वाला नहीं है। तो मेरा आपसे यही निवेदन है कि यह शहरों के लिये जो सोचना है इसको बन्द कर दिया जाय और अगर हो सकता है तो जो सो-काल्ड वेलफेयर स्कीम्स हैं उनको आप बन्द कर दें क्योंकि वेलफेयर सब से बड़ा पेट का है, अगर पेट का वेलफेयर हो जाता है तो बाकी चीजों का हो जायेगा और अगर पेट का वेलफेयर नहीं है तो बाकी चीजों का वेलफेयर करने से कोई फायदा नहीं है और न इससे लोगों की बेचैनी दूर हो सकती है, यही मेरा कहना है।

जहां तक फ्लड्स का सवाल है, मैं हैरान हूं कि बिहार के बारे में आपने पेज 19 में लिखा है कि बिहार में एक सेंट्रल इनवेस्टिगेशन टीम गई थी 18 नवम्बर को और आपने यह स्टेटमेन्ट रखा है हाउस में और 10 अक्तूबर को वहां पर, चूंकि इस वक्त बिहार में राष्ट्रपति का राज है, मीटिंग हुई थी होम मिनिस्ट्री की तरफ से। उसमें सारे फ्लड्स का जिक्र आया, सब कुछ वहां पर कहा गया। बहुत सी बातें उनकी नोटिस में आईं मगर अफसोस यह है कि 18 नवम्बर तक आपके उस सेन्ट्रल स्कीम की रिपोर्ट नहीं आई। अगर यह हालत हमारे राष्ट्रपति राज की है और सेन्ट्रल गवर्नमेंट की है तो फिर क्या हो सकता है। हम तो अपने साथ खुद ही ज्यादती कर रहे हैं, हम अपना इंतजाम खुद नहीं कर सकते, हमारा अपना प्रबन्ध कोई है नहीं। हालांकि 10 अक्तूबर को सारा फैसला होता है उसके बावजूद भी जब कि कुछ करना नहीं था सिर्फ उस टीम का लिखना था स्टनोग्राफर को डिक्टेट करके, मगर वह डिक्टेट भी नहीं कर सके 18 नवम्बर तक। खास तौर से बिहार जहां से फूड मिनिस्टर खुद आते हैं। जब बिहार का ऐसा हाल है, तो राजस्थान का क्या हो सकता है।

(Time bell rings.)

इस वास्ते मैं निवेदन कर रहा था कि अगर इस चीज को खत्म करना है तो पहला आपका काम है साइल कन्जर्वेशन का। पहाड़ों में और हिमालय के अंचल में खास तौर पर दरख्तों की कटाई हो रही है और नये दरख्त नहीं लगाये जा रहे हैं। वैसे ही

बंगाल में दार्जिलिंग का हाल है। पहले जो टी गार्डन ओनर्स थे वह युरोपियन थे उन्होंने गार्डन्स बेच दिये अब उन टी गार्डन्स की हालत बहुत खराब है, उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है। इसलिये मेरी आपसे प्रार्थना है साइल कन्जर्वेशन को ज्यादा नज़दीक से देखें और जो दूसरे वेलफेअर की स्कीमें हैं उनको पूरा कर दें जिससे ोगों के रोज़गार के लिये कुछ न कुछ इंतजाम हो जाय।

श्री कुम्भाराम आर्य (राजस्थान) : उपसभापति महोदया, मुझे इस बात की खुशी है कि मेरे बाद बोलने वाला कोई नहीं होगा और मैं सबसे आ ीर में बोल रहा हूं।

श्री राजनारायण (उत्तर प्रदेश) : क्यों, आपके बाद क्यों नहीं है।

श्री कुम्भाराम आर्य : क्योंकि समय संकेत कर रहा है। साढ़े पांच बजे के बाद ोई बोल नहीं सकेगा। सब बोल गये इसलिये मेरा ोलना भी बहुत कम होगा क्योंक जितनी बातें . . .

श्री राजनारायण : मैडम, जवाब कल हो सकता है।

श्री महावीर प्रसाद भार्गव (उत्तर प्रदेश) : आज ही होगा।

श्री कुम्भाराम आर्य : मेरा समय मत लीजिए। पहले मिला ही कम है, जितना मिला है उसमें बाधा होगी।

महोदया, मैं यह कहना चाहता हूं कि राजस्थान की हालत बड़ी गंभीर है, वह अकेली इसलिये गंभीर नहीं है कि वहां अकाल काल संकट का कारण बना हुआ है, वहां अकाल के साथ दूसरा सकट भी बना हुआ है, अकाल के अंदर दूसरी भारी चिंता वहां बढ़ी हुई है। वहां की तात्कालिक स्थिति बतलाती है कि संकट बड़ा गंभीर है। अकाल के बारे में राजस्थान में एक किंवदंती है जिसको राजस्थान का एक एक आदमी जानता है और वह हर आदमी बता सकता है, जो इस प्रकार है :

"पग पुगल धड़ मेडते
बाहु जै बाहड़ मेर ।।
घिरतो फिरतों जोधपुर ।
ठावो जे बीकानेर ।।

अकाल का यह क्षेत्र है, जिसके अंदर यह चौबीस घंटे विराजित रहता है, इसके अंदर कभी परिवर्तन नहीं आया। यह आजादी स पहले से चली आ रही स्थिति है। आजादी के बाद क्या हुआ? आजादी के बाद जब से जनता के प्रतिनिधियों की सरकार बनी है उसका दृष्टिकोण अकाल के प्रति सहानुभूति का न रहकर राजनैतिक रहा है। इसकी वजह से एक तो सरकार का कहर और दूसरा अकाल, दो संकट वहां की जनता के ऊपर आ गिरे। आज वहां का एक एक आदमी कहता है :—

"भलां नरां घर भूख। चौरां रे घर चूरमो ।।
चतर जण री चूक। चांढ़ै दीखै चतरिया ।।"

अर्थात्, जो ईमानदार लोग हैं वे कमाई करके अपने दिन निकालना चाहते हैं, अपने पैर पर खड़े रहना चाहते हैं, उन लोगों को मजबूर किया जाता है कि वे मांगने लगें जिसके लिए वे लोग तैयार नहीं हैं। आज उनकी यह स्थिति सरकार ने राजस्थान में बना रखी है।

कहने के लिये काम शुरू है और लोगों को राहत भी पहुंचायी जा रही है लेकिन मैं सरकार के पत्रों के जरिये यह कह सकता हूं कि वहां 12-10-68 तक केवल 7 काम शुरू किये गये थे और वे 7 काम जो शुरू किये थे उनमें 5 काम खाली जैसलमेर में थे और 2 काम बीकानेर के अंदर थे, कुल 41,000 लोग उसके ऊपर काम कर रहे थे। इसके साथ राजस्थान सरकार की रिपोर्ट यह कह रही है कि अकाल 27,000 गांवों को प्रभावित कर चुका है और 15 लाख आदमी इससे प्रभावित होकर काम के लिये आयेंगे उनको काम देना पड़ेगा। इससे आप सोच सकते हैं, देख सकते हैं, और समझ सकते है कि यह काम किस

[श्री कुम्भाराम आर्य]

तरह से किनारे लग सकेगा ? मैं तो यह देख रहा हूं कि सरकार की सुनियोजित योजना जिस कामयाबी के साथ फेल होती जा रही है उसी कामयाबी के साथ अकाल जनता के लिये एक भयंकर रूप धारण करके सामने आ रहा है। आज राजस्थान का पशु मर गया, मरता जा रहा है और शेष मर जायेगा। राजस्थान के अंदर सरकार, पांच, सात और दस लाख से ज्यादा पशु नहीं बचा सकेगी, पचास और 60 लाख पशु धन इस अकाल के गाल में चला जायेगा, इस पशु धन को बचाने का कोई रास्ता आज के दिन नहीं। मैं चाहूंगा भारत सरकार और राजस्थान सरकार दोनों इस तरफ ध्यान दें। राजस्थान की तरफ भारत सरकार का जितना ध्यान जाना चाहिये नहीं गया है। बतलाने के लिये कुछ काम किये जाते हैं। भारत सरकार ने पहले एक दल भेजा जो जांच के लिये गया। दल ने पूरे राजस्थान का दौरा तीन दिन के अन्दर खत्म कर दिया, जब दल को पूरी स्थिति देखने के लिये कहा गया तो उन्होंने कहा हमको रिपोर्ट देने की बहुत जल्दी है क्योंकि कहत की स्थिति भयंकर है इसलिये हम ज्यादा समय नहीं लगा सकते। तीन दिन में जो देखा समझा है उसी से सब मिल गया। राजस्थान की रिपोर्ट दे देंगे। यहां आने के बाद वह रिपोर्ट एक महीने तक संबंधित मंत्री तक नहीं पहुंची, या तो रिपोर्ट लिखी नहीं गई या फिर विषय इतना बड़ा था, जिसकी कहानी इतनी बड़ी हो गई कि उनको लिखते लिखते इतना समय लग गया। यह हालात बतलाते हैं कि राजस्थान की जनता को भारत सरकार और राजस्थान की सरकार बचा नहीं सकती। सबसे अच्छा, सबसे सुंदर तरीका यह है कि भारत सरकार और राजस्थान सरकार को एक ऐलान कर देना चाहिये कि राजस्थान की जनता अपनी जिंदगी के लिये खुद जिम्मेदार है, जहां जाना चाहे चली जाय, ऐसा ऐलान हो जाय तो कम से कम दो पैर वाले तो अपनी जान बचा लें। लेकिन सरकार की ओर से जो रोजाना भाषण दिये जाते हैं और आश्वासन दिये जाते हैं उन भाषणों और आश्वासनों की वजह से जो जनता को धोका होता है उस धोके की वजह से लोगों को मरना पड़ता है। जब मर जाते हैं तब सरकार कहती हैं अनाज की वजह से नहीं मरे हैं मौत की वजह से मरे हैं। मैं सरकारी पक्ष से पूछना चाहता हूं कि इस दुनिया में बिना बीमारी के भी कोई मरता है क्या ? बिना बीमारी के अगर कोई मरता हो तो यह उत्तर राजस्थान के लिये ठीक है लेकिन मरते सब बीमारी से हैं। आखिर बीमारी क्यों पैदा होती है यह देखने की बात है। खाने के लिये अनाज नहीं मिलता, उधर उनको मजदूरी करने के लिये विवश होना पड़ता है इसलिये बीमार होते हैं। श्री कौलायत के अंदर 22 आदमी मर गए हैं जिसको न राजस्थान सरकार मानती है और न भारत सरकार मानने का हौसला कर सकती है जब कि मस्टर रोल के अंदर उनके नाम लिखे हुए हैं और 22 दिन तक उनको पेमेन्ट नहीं किया गया। इसके बाद यह कह देना कि उनको तो कोई डिजीज हो गई थी। डिज़ीज तो पैदा होती ही है इसलिये कि खुराक नहीं मिलती और सरदी के अंदर जो ठिठुरते हैं, सवेरे उनको मिट्टी होने के लिये खड़ा होना पड़ता है। उत्तर देने वाले मिनिस्टरों को उस हालत में तीस दिन खड़ा कर दिया जाय तो एक नहीं जी सकता। लेकिन राजस्थान के लोगों से अपेक्षा की जाती है वे 22 दिन भूखे रह कर बिना मजदूरी 'पगार' के काम करके भी जिंदा रहने के जिम्मेदार हैं। इस जिम्मेदारी को वहन नहीं किया जा सकता। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि सरकार को इस तरफ देखना पड़ेगा। राजस्थान में जितने काम होते हैं वे सब राजनैतिक दृष्टिकोण से ही किये जाते हैं। जोधपुर जिले के अंदर वर्षा की औसत का 66 परसेन्ट के आसपास वर्षा हुई, इतनी वर्षा जयपुर जिले के अंदर हुई। जोधपुर अकालग्रस्त घोषित हो गया और जयपुर अकालग्रस्त घोषित नहीं हुआ क्योंकि वहां से

काग्रस जात कर नहा आइ, जोधपुर से जीत कर आई। यह नजरिया एक दोहरी मार करता है। अगस्त तक के महीने की सरकार की रिपोर्ट है कि उदयपुर जिले की हालत संतोषजनक है और सितम्बर में एकदम से कहत खड़ा हो जाता है। टोंक जिसकी शुरू से यह रिपोर्ट है कि हालत खराब है, उसे आज तक स्केयरसिटी एरिया घोषित नहीं किया गया। क्योंकि टोंक में से एक भी कांग्रेस का आदमी जीत कर नहीं आया, केवल एक मिनिस्टर दो जगह से जीत कर आया। इसलिये पक्षपात का दृष्टिकोण है। इतना ही नहीं, राजस्थान के लोगों को मजदूरी बहुत देर से मिलती है। मेरे मित्र कह रहे थे कि 7 दिन में देने का फैसला किया हुआ है। लेकिन मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि 7 दिन का फैसला नहीं है बल्कि सरकार का फैसला 15 दिन का है। यह फैसला बुद्धिसंगत नहीं है, व्यवहार संगत भी नहीं है। इस तरह का फैसला देकर भी सरकार अभिनन्दन चाहती है। अगर किसी कांग्रेसी सदस्य को दुबारा टिकट लेना होगा तो वह ऐसा करेगा लेकिन कोई ईमानदार आदमी धन्यवाद देने के लिए अपने ईमान को नहीं बेचेगा। मजदूरों को मजदूरी जल्दी मिलनी चाहिये। उनको इस समय जो मजदूरी मिल रही है वह कम मिल रही है, उनको पूरी मजदूरी मिलनी चाहिये।

अभी जब कृषि मंत्री जी वहां गये थे तो उनके सामने सवाल पैदा हुआ कि लोगों को मजदूरी कम मिल रही है। तब राजस्थान सरकार ने एक बड़ा अच्छा फैसला किया। राजस्थान सरकार ने कहा कि एक आदमी जो बालिग कहलाता है उसको 1 रुपया 12 आना मिलता था, अब उसकी जगह पर 1 रुपया 50 पैसा कर दिया गया है। इस तरह से वहां पर यह मजदूरी बढ़ी। इस तरह का काम करके सरकार कहती है कि हम जनता को बचाने में कामयाब हो जायेंगे। हम कहते हैं कि वह कभी भी इस तरह से कामयाब नहीं हो सकती है।

सरकार कहती है कि इस काम के लिए 61 करोड़ रुपया चाहिये, अगर भारत सरकार त्रैमासिक नहीं देती है तो इस संकट से निकलने में असमर्थ है। भारत सरकार की रिपोर्ट तो यह कहती है कि 9 करोड़ रुपये से काम चला लो। वह 9 करोड़ रुपया दे देगी। सवाल यह आता है कि 52 करोड़ रुपया कहां से आयेगा? क्योंकि राजस्थान सरकार को इतना रुपया लाने की हैसियत नहीं है। राजस्थान की सरकार 52 करोड़ रुपया नहीं ला सकती और न वहां की जनता को बचा सकती है। इतना रुपया लाने की उसकी हैसियत नहीं है। यह भारत सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इतने रुपये का इंतजाम करे।

इतना ही नहीं, एक खतरा और है, और वह खतरा यह है कि जो हालात आज राजस्थान के हैं, जिस तरह से लोगों को महंगा अनाज और कम अनाज दिया जाता है, देर से उनको पैसा दिया जाता है, ऐसी स्थिति के अन्दर लोग कमजोर होंगे, उनमें बीमारी पैदा हो जायेगी। इस समय सरकार उनकी हालत की तरफ ध्यान नहीं दे रही है। जब बीमारी फैल जायेगी, लोग मरने लग जायेंगे तब सरकार स्टेटमेंट देगी कि यह ईश्वर के अधीन बात थी। एक बीमारी फैल गई जिससे हम लोगों को बचा नहीं सके। मैं हाउस के अन्दर कहना चाहता हूं कि ऐसे हालात के अन्दर बीमारी जरूर आयेगी। जिस हालत में सरकार वहां के लोगों के साथ व्यवहार कर रही है उससे लाखों आदमियों के मरने की नौबत पहुंच जायेगी। भारत सरकार को अभी से इस तरफ ध्यान देना चाहिये।

भारत सरकार ने मांग करने पर रेल किराये में छूट देने का आदेश दिया। वह हुक्म चला, बहुत सुन्दर चला, बड़ा अच्छा हुक्म निकला। सुनने में बहुत अच्छा लगता है। इस हुक्म में भारत सरकार की ओर से कहा गया है कि हम किराये में तो कमी कर देंगे जो अपने मवेशियों को बाहर ले जायेंगे। लेकिन

[श्री कुम्भाराम आर्य]

यह किराया तब ही कम किया जायेगा जब इस बारे में कमिशनर सर्टिफिकेट देगा। सरकार को यह पता नहीं कि बाड़मेर कमिशनर के हैडक्वार्टर्स से करीब 300 और 350 मील की दूरी पर है। एक किसान 350 मील तक सर्टिफिकेट लेने आयेगा और इतने ही मील वापस जायेगा तो सरकार उसको जो किराये में रियायत देने वाली है वह उसका रेल के किराये में सर्टिफिकेट को लेने में ही लग जायेगा। इस तरह के आदेश का वह कैसे लाभ ले सकता है? इस तरह का विवेकहीन आदेश जारी करके सरकार कहती है कि हमने सब इंतजाम कर दिया। इंतजाम जनता के मरने का तो कर दिया लेकिन बचाने के लिए कुछ नहीं किया। इसलिए यह बड़ा जरूरी है कि कुछ बचाने के तरफ भी ध्यान देना चाहिये। अगर भारत सरकार का ध्यान बचाने की तरफ नहीं गया तो राजस्थान के लोग मर जायेंगे।

अकाल के स्थायी हल के लिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इसका केवल एक ही हल है और वह है राजस्थान नहर को जो पहले कान्डला तक रखी गई थी उसे कान्डला तक पहुंचाया जाय ताकि बाड़मेर, जैसलमेर, जालोर और बीकानेर जिलों में, जहां 24 घंटों अकाल रहता है, सदियों से रहता है, उसको दबा सके। इसके सिवाय और कोई जरिया नहीं है।

राज्य सरकार के ऊपर इस तरह का बोझा नहीं डाला जाना चाहिये। वह इतना पैसा नहीं लगा सकती। राजस्थान सरकार तो उतना ही पैसा लगा सकेगी जितना भारत सरकार देगी। यह एक राष्ट्रीय समस्या है, उसको भारत सरकार को हाथ में लेना चाहिये। भारत सरकार इसको हाथ में नहीं लेती है तो फिर वहां की जनता के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिये। वहां की जनता को साफ कह देना चाहिये कि जब भी अकाल पड़ता दिखलाई दे तो भाग जाना चाहिये, कोई सरकार के भरोसे पर रहेगा तो मर जायगा। कुवें बनाने, ट्यूबवैल लगाने से समस्या का हल नहीं होगा क्योंकि वहां पर पानी 350 फुट तक नीचे मिलता है वह भी कहीं खारी कहीं जहरीला मिलता है। अगर पी लिया जाय तो मर जाना पड़े और अगर हाथ लगा लिया जाय तो चमड़ी फट जाये। इस तरह के हालात में वहां के लोगों को जिन्दा नहीं रखा जा सकता और न वहां के लोग इस तरह के पानी से जिन्दा रह सकते हैं। वहां के लोगो को जिन्दा रखने का एक ही जरिया है राजस्थान कैनाल को पूरा किया जाय। दूसरा काम गंगानगर जिले में जितने सिंचाई के सिस्टम हैं, चाहे वह राजस्थान कैनाल हो, चाहे सरहिन्द कैनाल हो, चाहे गंगा कैनाल और चाहे भाखडा कैनाल हो, सबके अन्दर पूरा पानी देना चाहिये। गंगानगर का जो सिंचाई क्षेत्र है वह अकाल स्थिति में पहुंच गया है। वहां का किसान 15 प्रतिशत खेती नहीं कर सकता है। आज भी वहां की नहरें बंद हैं जबकि बिजाई के दिन हैं। किसान अपना हल बैल घर में लिए बैठा है और खेत सूखे पड़े हुए हैं क्योंकि नहरों में पानी नहीं आ रहा है। सरकार नींद ले रही है इसलिए नहरें भी नींद ले रही हैं। अगर ये दोनों नींद लेते रहेंगे तो देश उजड़ेगा, बसेगा नहीं। इन हालात पर कांग्रेस की ओर से भी नाराजगी प्रकट की जाती है और कहा जाता है कि सरकार के पास इतनी क्षमता ही नहीं है कि वह उस काम को पूरा कर सके। इस पर मैं कहना चाहता हूं कि राम और राज्य से कोई बड़ा नहीं है। सवाल क्षमता का नहीं, सवाल मन का है, ईमानदारी का है। अभी तक सरकार ईमानदारी के साथ 80 प्रतिशत गांव में जो जनता रहने वाली है उसके प्रति निष्ठावान नहीं। इस निष्ठा के अभाव की वजह से आज गांव का आदमी दुखी है, दुखी ही नहीं अकाल जैसे संकटों में बेमौत मर रहा है। सरकार उन लोगों के लिए निष्ठावान है जो एक्सप्लाइट करने वाले हैं, जो बिचौलिये होते हैं, जिनका एक हाथ आगे और दूसरा पीछे रहता है।

उनका यह काम रहता है कि आधा हमारा और आधा सरकार का । हमारे यहां कहावत है "आधा देवी देवता, आधा क्षेत्रपाल" । इस तरह का राज्य न कभी आया और न कभी आयेगा ।

मैं कहना चाहता हूं कि भारत सरकार--राज्य सरकार--जो पक्षपात की नीति बरत रही है, उसके अन्दर हस्तक्षेप क्यों नहीं करती ? जालौर जिले को पैसा ठीक तरह से नहीं मिल रहा है। जालौर जिले को 25 हजार रुपया देने की बात है और जैसलमेर जिले में दो लाख रुपये देने की बात है। जैसलमैर जिले के अन्दर 1 लाख 40 हजार आदमी हैं और जालौर के अन्दर 5 या 6 लाख आदमी हैं। 5 या 6 लाख आदमियों के लिए तो 25 हजार और जैसलमैर जिले को, जहां 1 लाख 40 हजार आदमी रहते हैं, दो लाख। इस तरह का पक्षपात ।

आज जहां भी काम खुल रहे हैं वहां कागज पर ही खुल रहे हैं। स्कीमें जो भी घोषित की जा रही हैं वे भाषण देने के लिए ही घोषित की जा रही हैं, लोगों को काम देने के लिए नहीं। लोगों को धोखा देने के लिए घोषणायें की जा रही हैं। मजदूर मजदूरी करने के लिये जाता है तो उसका नाम मस्टर रौल पर नहीं लिखा जाता उसकी मजदूरी नहीं लगाई जाती। राजस्थान का किसान मजदूर इस भयंकर संकट में फंसा है, लेकिन भारत सरकार आँखें बंद कर किये बैठी है । राजस्थान की जनता कब तक सरकार की आस लगाये रहेगी ? उसे फैसला करना होगा कि उसे जीने के लिए क्या करना है। अभी मेरे मित्र कह रहे थे कि राजस्थान के लोग हाथ फैलाना नहीं जानते हैं, भीख मांग कर जीने के स्थान पर मरना पसंद करते हैं। यह उनकी आदत है। यह उनकी सभ्यता है, संस्कृति है । अगर सरकार इसी तरह से चलती रहेगी तो वहां की जनता को सोचना पड़ेगा कि अकाल और सरकार, दोनों से किस तरह से निपटा जाय । इतना ही कहना चाहता हूं ।

श्री चन्द्र शेखर : जब आप मिनिस्टर थे तो आप क्या कर रहे थे ?

श्री कुम्भाराम आर्य : मेरे गले में बहुमत का फांस लगा रखा था। मैं बहुमत में नहीं था। कांग्रेस ठीक होती तो मैं छोड़कर क्यों आता ?

THE DEPUTY CHAIRMAN : Minister !

श्री राजनारायण : माननीया, मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं और जब मंत्री जवाब दें तो वे उनका जवाब दे दें ।

THE DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Rajnarain, I have got 4 or 5 names more but it was announced that the Minister would reply at 5.30 P. M.

श्री राजनारायण : मेरे सुझाव इस प्रकार से हैं । एक तो सूखाग्रस्त क्षेत्र में प्रत्येक गांव पंचायत में एक हजार आबादी पर एक सस्ते गले की दुकान खोली जाय । दूसरे, भूमिहीन और बकार लोगों के लिए लंगर खोला जाय जहां पर उन्हें मुफ्त भोजन दिया जाय । गरम कपड़ों का व्यापक प्रबन्ध हो । टैस्ट वर्क बड़े पैमाने पर खोले जायें। दो रुपया प्रतिदिन से मजदूरी कम किसी को न दी जाय जो मिनिमम वेज कानून में निहित है । दवाई की व्यवस्था हो । चारे की व्यवस्था हो । बच्चों की फीस माफ हो । सहायता और अनुदान उदारता के साथ दिया जाय । जो कर्जा लेना चाहें उन्हें बिना सूद के कर्जा दिया जाय । सूखे के कारण जो पशु मर गये हैं उनके लिए मुआवजा दिया जाय । सीमा क्षेत्र को विकसित करने के लिए क्रियात्मक कदम उठाये जायं । (*Interruptions.*)

THE DEPUTY CHAIRMAN : Shri Rajnarain, that will do.

श्री राजनारायण : माननीया, राष्ट्रपति जी का जो पत्र आया है उसको मैं पढ़ देना चाहता हूं । (*Interruptions.*)

[श्री राजनारायण]

